राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 37
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 22 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334





मुख्य अपडेट

पेज 3 केजरीवाल 24 घण्टे के अंदर बताए कि उन्होंने आबकारी नीति वापस क्यों ली : गौरव भाटिया

पेज 5 मथुरा में बनेगा 282 करोड़ रुपए की लागत से दो सीवेज प्लांट, योगी सरकार ने दी मंजूरी

पेज 7 इमरान खान के भाषणों के सीधे प्रसारण पर रोक, एक दिन पहले अधिकारियों को दी थी धमकी


## बारिश-बाढ़ से बेहाल 8 राज्य

### झारखंड में 7 की मौत, एमपी में आधी रात खोलने पड़े डैम के गेट

दिल्ली/भोपाल/रांची/शिमला । देश के 8 राज्य बारिश से बेहाल हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण लगातार 24 घंटे से बारिश हो रही है। पहाड़ों पर लैंडस्लाइड से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं, मैदानी इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं। उत्तराखंड में बाढ़ में फंसे टूरिस्ट्स के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ा। मध्यप्रदेश में तेज बारिश की वजह से आधी रात को तवा और बरगी डेम के गेट खोलने पड़े। वहीं, अगले 24 घंटे के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, मौसम विभाग ने यह भी अनुमान जताया है कि सोमवार तक मौजूदा सिस्टम कमजोर पड़ सकता है और बारिश से राहत मिल सकती है।



#### हिमाचल : लैंडस्लाइड और बादल फटने की 34 घटनाएं, 22 की मौत

हिमाचल में बाढ़, लैंडस्लाइड और बादल फटने की 34 घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 22 हो गया है, जबकि 6 लापता हैं। कांगड़ा, मंडी और चंबा जिले में कुदरत का कहर सबसे ज्यादा बरपा। मंडी में 14, चंबा के भटियात में 3 और कांगड़ा व शिमला जिले में 2-2 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक 9 साल की एक बच्ची भी है जिसकी कांगड़ा के शाहपुर में मकान गिरने से जान चली गई।

#### मध्यप्रदेश : 4 संभागों में रेड अलर्ट, आधी रात खोलने पड़े तवा डैम के गेट

एमपी में बारिश का सिस्टम फिर से एक्टिव हो गया है। राजधानी भोपाल, नर्मदापुरम, विदिशा, छिंदवाड़ा और रायसेन समेत प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश हो रही है। तवा का जलस्तर बढ़ने पर 5 गेट रात 11 बजे से खोले दिए गए। वहीं नर्मदा पर बने बरगी डैम के 11 गेट आधा मीटर तक खोले गए हैं।

#### झारखंड : बारिश से जुड़े हादसों में 7 की मौत

झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिलों सहित कोल्हान में कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है। राज्य में तीन लोगों की मौत हो गई है, निचले इलाकों में पानी भर गया और पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। सिंहभूम में एक महिला और रामगढ़ में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि कुछ लोग लापता हैं। नलकारी नदी में एक गाड़ी डूबने से चार लोगों की मौत हो गई।

#### जम्मू और कश्मीर- वैष्णो देवी यात्रा शुरू, कई नदियों में आई बाढ़

भारी बारिश के कारण एहतियात के तौर पर रोकी गई माता वैष्णो देवी की यात्रा अब फिर से शुरू हो गई है। पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला के ऊपरी इलाकों में मूसलाधार बारिश के कारण राजौरी जिले में दारहाली नदी में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है।

#### ओडिशा : 70 लोगों को लेकर जा रही नाव महानदी में पलटी

महानदी नदी में आई बाढ़ में 70 यात्रियों को ले जा रही एक नाव पानी में बह गई।
ओडिशा फायर सर्विसेस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। महाकालपाड़ा के समुद्री पुलिस अधिकारी प्रकाश चंद्र साहू ने बताया कि हालांकि यह जोखिम भरा था, लेकिन हमने सभी 70 लोगों को बचा लिया।

#### पंजाब : 3 दिन का यलो अलर्ट, ब्यास के आसपास चेतावनी जारी

पंजाब में सोमवार से अगले तीन दिनों तक के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसके अनुसार अगले तीन दिन पंजाब के कई शहरों में बादल छाएंगे और बारिश होने के आसार हैं। पठानकोट में पानी के तेज बहाव से चक्की दरिया पर बना पुल बंद कर दिया गया है।
नाहा प्रभारी नरिंदर कुमार ने कहा कि लोगों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस की ड्यूटी लगी है ताकि जनहानि न हो।

#### उत्तराखंड : बाढ़ के कारण रिजॉर्ट में फंसे टूरिस्ट

पौड़ी गढ़वाल के मोहनचट्टी में अरण्यम रिजॉर्ट में कुछ लोग फंस गए थे। इन लोगों से सभी संपर्क टूट गए थे। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू मौके पर पहुंची।

## श्रीकांत त्यागी के समर्थन में नोएडा में महापंचायत

### जेल से आए 6 लड़के सम्मानित, पत्नी बोली- ये पूरी साजिश सांसद महेश शर्मा की

गाजियाबाद। नोएडा की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में महिला से अभद्रता और गाली-गलौज करने वाले श्रीकांत के समर्थन में त्यागी समाज उतर आया है। रविवार को भंगेल में सुबह 11 बजे शुरू हुई महापंचायत दोपहर 3 बजे तक चली। मंच पर सबसे पहले उन 6 लड़कों को सम्मानित किया गया है, जो सोसाइटी में उपद्रव के आरोप में जेल गए थे। इस दौरान नोएडा से भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की गई।

महापंचायत में मांग की गई कि सांसद अपने बयान के लिए सार्वजनिक माफी मांगें। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी मंच पर पहुंचे थे। मंच पर उन्हें बोलने नहीं दिया गया। लोगों ने कहा कि ये राजनीतिक मंच नहीं है।

श्रीकांत की पत्नी अनु त्यागी ने सांसद डॉ. महेश शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा,यह पूरी साजिश डॉ. महेश शर्मा की है। उन्होंने मेरे परिवार और मेरे पति को फंसाया है।




अनु ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री पुलिस और प्रशासन से कहा, मेरे पति के खिलाफ गैरकानूनी ढंग से कार्रवाई की गई है। उनका इतना दोष नहीं था, जितनी उनके खिलाफ कार्रवाई हुई। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो।

#### 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा, मांगें पूरी करने के लिए दी 15 दिन की मोहलत

संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा ने 14 सूत्री ज्ञापन DM को सौंपा है। इसकी मांगों को पूरा करने के लिए पंचायत ने प्रशासन को 15 दिन का वक्त दिया है।

#### डॉ. महेश शर्मा ने मांगी सुरक्षा

विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए सांसद डॉ. महेश शर्मा ने अपनी और अपने घर-अस्पताल की सुरक्षा की मांग की, जहां फोर्स तैनात है। महापंचायत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और बिहार तक से त्यागी बिरादरी के लोग पहुंचे हैं। जेल गए लोकेंद्र त्यागी ने श्रीकांत त्यागी का संदेश महापंचायत में सुनाया। उन्होंने कहा, आपने गैंगस्टर से नेता बनते हुए बहुत देखे होंगे। नेता से गैंगस्टर देखना हो, तो श्रीकांत त्यागी को देखिए। इस बीच योगी सरकार के बहिष्कार की आवाज उठी। हालांकि, इसका डैमेज कंट्रोल भी किया गया। मंच से कहा गया कि हमारी लड़ाई योगी सरकार से नहीं, सिर्फ सांसद महेश शर्मा से है। नोएडा डीएम सुहास एलवाई ने पहुंचकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन लेकर डीएम तुरंत मंच से चले गए। इसे लेकर त्यागी समाज ने नाराजगी जताई। कहा कि ज्ञापन को सुने बिना ही डीएम चले गए, ये हालत है।

## भारत सरकार नहीं करेगी गेहूं का आयात

### कहा- देश में खाने के लिए पर्याप्त गेहूं; हीटवेव के कारण पैदावार में आई है कमी

नई दिल्ली। भारतीयों को खिलाने के लिए देश में पर्याप्त गेहूं है। सरकार ने रविवार को ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट को गलत ठहराते हुए यह दावा किया। जिसमें कहा गया है कि देश में हर साल उत्पादन में कमी हो रही है। लगातार दाम बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से भारत सरकार गेहूं का आयात करने पर विचार कर रही है।
ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने पर कहा था कि उनका देश दुनिया को गेहूं का निर्यात कर



सकता है। लेकिन उत्पादन में कमी की वजह से निर्यात नहीं हो सकेगा। हीटवेव के कारण इस साल देश में गेहूं के उत्पादन में कमी आई है। जिसकी वजह से गेहूं की कमी को पूरा करना मुश्किल हो सकता है और सरकार को गेहूं का आायात करना पड़ सकता है।
खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने सोशल मीडिया पर लिखा भारत में गेहूं खरीदने की कोई जरूरत नहीं है। देश की घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक है। सार्वजनिक वितरण के लिए भी स्टॉक है। भारत से गेहूं की खरीद पिछले साल की अपेक्षा 57 प्रतिशत गिरकर 1.88 करोड़ टन हो गई।
भारत सरकार ने बुधवार यानी 17 अगस्त को गेहूं उत्पादन का अनुमान बढ़ा दिया है। व्यापारी हीटवेव के कारण उत्पादन कम कर रहे हैं। सरकार ने कृषि मंत्रालय की तरफ से जारी नवीनतम अनुमान में कहा दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा अनाज उत्पादक गेहूं ने इस साल 10.684 करोड़ टन की पैदावार की।
अमेरिकी कृषि विभाग ने भारत में अनाज उत्पादन 9.9 करोड़ टन ज्यादा होने का अंदाजा लगाया है, जबकि व्यापारियों का अनुमान है कि हीटवेव के कारण उत्पादन 9.5 करोड़ टन तक कम हो गया है।

## तीन राज्यों में टोमैटो फ्लू का खतरा: ओडिशा में 26 बच्चे संक्रमित मिले; देश में अब तक 100 से ज्यादा केस

नई दिल्ली। भारत में एक नई बीमारी का पता चला है। आमतौर पर इसे टोमैटो फ्लू कहा जा रहा है, क्योंकि मरीज के शरीर पर लाल, फफोले दिखाई देते हैं और धीरे-धीरे टमाटर के आकार तक बढ़ जाते हैं। इस बीमारी को लेकर लैंसेट रेस्पिरेटरी जर्नल ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक टोमैटो फ्लू को टोमैटो फीवर भी कह सकते है। इस बीमारी के लक्षण 1 से 5 साल के बच्चों में देखे गए हैं। यह हाथ, पैर और मुंह में होने वाली बीमारी है। बता दें कि दो महीने पहले



6 मई को केरल में इसके मरीज मिले थे। केरल के बाद ओडिशा में भी इसके मामले पाए गए हैं। लैंसेट रेस्पिरेटरी जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, भुवनेश्वर में 26 बच्चों के संक्रमित पाए गए हैं। 20 अगस्त 2022 तक केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में इस वायरस के फैलने की खबर है।

देश में टोमैटो के फ्लू के 100 से ज्यादा मामले आ चुके हैं। अकेले केरल में 82 केस मिल चुके हैं। डॉक्टरों ने पूरे देश में इस बीमारी को लेकर चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी खासकर के केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के लोगों के लिए है।

#### टोमैटो फीवर के लक्षण

लैंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक यह बिमारी एक तरह का वायरल फ्लू है जो ज्यादातर बच्चों में होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बिमारी से ग्रसित बच्चों के शरीर में टमाटर जैसे चकत्ते निकल आते हैं। त्वचा में जलन शुरू हो जाती है। मुंह सूखने लगता है और प्यास नहीं लगती है। बच्चों के शरीर में पानी की कमी होने लगती है जिसके कारण यह बिमारी और गंभीर हो जाती है। इन सब के अलावा तेज बुखार, बदन दर्द, जोड़ों में दर्द, डिहाइड्रेशन और मुंह में छाले भी इसके लक्षण हैं। हाथों, घुटनों, और कूल्हे का रंग फीका पड़ना भी इस बिमारी की ओर इशारा करता है।

## असम में 2 इमाम अरेस्ट : अलकायदा और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से संबंध

### 4 महीने में अब तक 23 बांग्लादेशी गिरफ्तार

एजेंसी

दिसपुर। आतंकी संगठनों से संबंध के आरोप में रविवार को असम पुलिस ने गोलपारा जिले से दो इमाम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आतंकी संगठन अलकायदा और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से जुड़े थे।
गोलपारा के SP वीवी राकेश रेड्डी ने बताया कि अब्दुल सुभान (43) और जलालुद्दीन शेख (49) को गिरफ्तार किया गया।
जिन पर आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल की भर्ती करने का आरोप है। अब्दुल सुभान के घर से आपत्तिजनक पोस्टर, किताबें, फोन और सिम कार्ड बरामद हुए हैं।
जलालुद्दीन के घर से अरबी भाषा में साहित्य मिला है।



पुलिस के मुताबिक, जुलाई महीने में बारपेटा और मोरीगांव जिलों में भी आतंकियों के स्लीपर सेल का भंडाफोड़ किया गया था। इसमें 11 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया था। इनमें से एक अब्बास अली से पूछताछ के बाद दोनों मौलवियों की गिरफ्तारी हुई है।

#### असम इस्लामिक कट्टरवाद का केंद्र

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने 4 अगस्त को दावा किया था कि राज्य इस्लामिक कट्टरवाद का केंद्र बन गया है। पिछले चार महीनों में बांग्लादेश में अलकायदा से जुड़े आतंकी संगठनों से जुड़े पांच जिहादी माड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। असम में पिछले चार महीनों में बांग्लादेश के करीब 23 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।
असम पुलिस ने 30 जुलाई को आतंकी संगठन अल कायदा और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से जुड़े 11 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया था।
इन्हें मोरीगांव, बारपेटा, गुवाहाटी और गोलपारा जिलों से पकड़ा गया।
जिसके बाद पुलिस ने मोरीगांव के सहरियागांव में जमीउल हुडा मदरसा की बिल्डिंग को सील कर दिया था। जो पकड़े गए आतंकियों का ठिकाना था। हिरासत में लिए गए लोगों के पास से कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए थे।
आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम की जड़ें कई देशों में फैली हुई हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी पाकिस्तान और बांग्लादेश के बॉर्डर के रास्ते भारत के अलग-अलग राज्यों में पहुंचते हैं। कई बार आतंकी संगठन इस तरह के प्रयास कर चुके हैं, लेकिन एजेंसियों की सख्ती की वजह से उनके इरादे कामयाब नहीं हो पाते।
असम के कई जिलों में पुलिस और सुरक्षाबल ऐक्टिव हैं। खुफिया एजेंसियों से जानकारी मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई की जाती है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले पांच सालों में 2021 में बांग्लादेश और पाकिस्तान से सबसे ज्यादा घुसपैठ हुई है।

## कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या एक लाख से कम हुई

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी की दैनिक संक्रमण दर में कमी और रिकवरी दर में वृद्धि के मद्देनजर सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 99,879 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 209.67 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से 34 और लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर पांच लाख 27 हजार 332 तक पहुंच गई है। देश में कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 99,879 हो गयी है। सक्रिय मामलों की दर 0.23 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 3.75 प्रतिशत हो गयी है।

## रिश्वत मामले में सेना के दो अधिकारियों सहित चार गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को कहा कि रिश्वतखोरी के कथित मामले में सेना के दो अधिकारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई सूत्रों ने अपने एक बयान में कहा कि आरोपियों की पहचान एमईएस अंबाला केंट में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल पवार, वरिष्ठ बैरक स्टोर अधिकारी और सूबेदार मेजर प्रदीप कुमार तथा ठेकेदार दिनेश कुमार और प्रीतपाल के रूप में की गई है। कथित रूप से रिश्वत मांगने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। रिश्वत का कथित भुगतान यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि




अंबाला कैंट की अधिकांश निविदाएं/ऑर्डर उक्त निजी ठेकेदारों को दी जाएगी। सीबीआई ने जाल बिछाकर 22.48 लाख रुपये की लेनदेन करते हुए दोनों अधिकारियों और निजी ठेकेदारों को पकड़ा। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल के परिसर से 32.50 लाख रुपये और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए और उक्त ठेकेदारों के पास से 16 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

## कांग्रेस की त्रिपुरा में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नेताओ की गुंडागर्दी खुलेआम चल रही है और वहां शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है इसलिए राज्य में तत्कल राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए।

कांग्रेस के त्रिपुरा के प्रभारी डॉ अजय कुमार, पार्टी के वरिष्ठ नेता सुदीप रॉय बर्मन, आशीष शाह और सरिता लैतफलांग ने यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेता लगातार देश के हर कोने में कानून तोड़ने का काम कर रहे है और इसी तरह की गुंडागर्दी तथा जंगलराज त्रिपुरा में भी चल रहा है। राज्य में कांग्रेस के 50 से ज्यादा कार्यालय पर



तोड़फोड़ तथा आगजनी हुई है और सभी विपक्षी दलों के150 से ज्यादा दफ्तरों पर हमले हो चुके है।

त्रिपुरा में अपराध के सरकारी आंकड़े बताते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के 52 माह के शासन में राज्य में 604 हत्याएं, 644 अपहरण, 1778 की चोरी की घटनाएं हुई हैं। आत्महत्या के मामले में त्रिपुरा देश मे सबसे ज्यादा है। कांग्रेस नेताओं पर जानलेवा हमले हो रहे है और इस मामले में पुलिस महानिदेशक को भी शिकायत की गई है लेकिन उन शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने भाजपा शासन में हुई अपराध की घटनाओं की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में व्यापक जांच कराने की मांग की और कहा कि आश्चर्य की बात है कि गुंडागर्दी भाजपा कार्यकर्ता करते हैं और उत्पीड़न कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं का किया जाता है और चुन-चुन कांग्रेस नेताओं के घरों पर हमले किए जा रहे हैं। भाजपा नेताओं के खिलाफ जो शिकायत होती है तो उन पर कोई करवाई नहीं की जाती है।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने त्रिपुरा जाकर प्रशासन से शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

क्रॉसविंड

### कम दबाव के चलते तेज हवा चली, 90 मिनट आसमान में चक्कर काटते रहे प्लेन

## क्रॉसविंड ने रोकी 11 विमानों की लैंडिंग, 9 हुई डायवर्ट

कोलकाता। कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार की शाम क्रॉसविंड की वजह से 20 विमान लैंड नहीं कर पाए। शाम 5 बजे से साढ़े 6 बजे तक ये विमान हवा में चक्कर काटते रहे। रात 8 बजे फिर आधे घंटे के लिए यही स्थिति बन गई। इस दौरान 11 विमानों के कैप्टन्स ने लैंडिंग की कोशिश भी की, लेकिन तेज हवा के चलते इंतजार ही करना पड़ा, क्योंकि ऐसी स्थिति में लैंडिंग से विमान के रनवे से भटकने का खतरा था।
लैंडिंग न हो पाने की वजह से करीब डेढ़ घंटे तक सैकडों एयर पैसेंजर्स की सांसें अटकी रहीं। आम तौर पर क्रॉसविंड 10 मिनट से आधे घंटे तक



देखी जाती हैं, लेकिन इस बार कोलकाता में इनका ड्यूरेशन बहुत ज्यादा था। इस दौरान कोलकाता पहुंचने वाले 9 विमानों को डायवर्ट भी करना पड़ा।
विमान के उड़ने की दिशा की वर्टिकल डायरेक्शन में चलने वाली तेज हवाओं को क्रॉसविंड कहा जाता है। इनकी वजह से लैंडिंग के समय विमान रनवे से भटक सकता है। इससे हादसे की आशंका भी बनी रहती है। कोलकाता में क्रॉसविंड के समय 11 विमानों ने 16 बार रनवे पर उतरने कोशिश की थी। वहीं 9 विमानों को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया।

#### अलर्ट था, लेकिन हवाओं की तेजी का अंदाजा नहीं था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पायलट्स ने बताया कि मौसम विभाग ने तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया था, लेकिन यह किसी को नहीं पता था कि इस तरह क्रॉसविंड का सामना करना पड़ेगा। आमतौर पर इसकी वॉर्निंग जारी की जाती है, लेकिन इस बार किसी को यह अनुमान नहीं था कि दो घंटे मिनट तक क्रॉसविंड की वजह से विमानों को मंडराना पड़ेगा।

#### मार्च से मई के बीच ज्यादा होती हैं क्रॉसविंड्स

क्रॉसविंड मार्च से मई महीने तक आम तौर पर देखने को मिलती है, लेकिन 10 मिनट से लेकर आधे घंटे तक ही इसका असर रहता है। इस बार कम दबाव के क्षेत्र की वजह से यह क्रॉसविंड पैदा हुई थी, इसलिए इसका असर 90 मिनट तक देखा गया। तेज हवाएं विमानों को रनवे के ऐंगल से 20 डिग्री तक भटकाने की ताकत रखती हैं। ऐसे में लैंडिंग बहुत खतरनाक थी। लिहाजा विमान में ईंधन की मौजूदगी को देखते हुए हवा में ही रुकने का फैसला किया गया।

# शार्ट न्यूज

## हिंसा आर्थिक हितों की सबसे बड़ी दुश्मन

श्रीनगर। अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने रविवार को कहा कि यहां के लोगों ने महसूस किया है कि हिंसा उनके सामाजिक , राजनीतिक और आर्थिक हितों की सबसे बड़ी दुश्मन है। श्री बुखारी ने यहां बेमिना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने यह महसूस किया कि हिंसा सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हितों की सबसे बड़ी दुश्मन है। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली जम्मू कश्मीर में शांति को आवश्यक नहीं समझता है। लेकिन इस क्षेत्र के लोग यहां शांतिपूर्ण वातावरण चाहते है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी पार्टी के एजेंडे में विश्वास रखते है। क्योंकि यह जम्मू कश्मीर में निरंतर शांति , समृद्धि और आर्थिक विकास सुनिश्चित करती है। श्री बुखारी ने इससे पहले गैर-स्थानीय मतदाताओं के मुद्दे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का राजनीतिक मकसद केंद्र के साथ कोई टकराव नहीं है, बल्कि इस मामले पर अगर कोई भ्रम या कठिनाई है तो उसे विनम्रता से दूर करना है। गौरतलब है कि मुख्य चुनाव अधिकारी ने हाल में जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के दौरान पच्चीस लाख गैर स्थानीय मतदाताओं को वोट करने की घोषणा पर राजनीतिक दलों और लोगों में आक्रोश फैल गया था।

## जम्मू कश्मीर अब भय और भष्टाचार से मुक्त

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव ने जम्मू कश्मीर को भय , भष्टाचार और नशीले पदार्थो से मुक्त और रोजगार प्रदान करने का सही अवसर उपलब्ध कराया है। श्री सिन्हा ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम आवाम की आवाज के 17 संस्करण के दौरान कहा कि हमारे संकल्पों को पूरा करने और पिछले 75 वर्षो की उपलब्धियों पर निर्माण करने के लिए लोगों की भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने विकास की यात्रा में साझेदार बनने के लिए लोगों से आग्रह किया और जनभागीदारी को प्रभावी और सक्षम प्रशासन का मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी के बिना सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की कोई रणनीति काम नहीं कर सकती। कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल ने उन लोगों की प्रेरक कहानियां भी साझा कीं जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं और समाज में बदलाव लाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने हर घर तिरंगा उत्सव में सभी नागरिकों के योगदान और भागीदारी के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

## वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को जल्द मिलेगी आरएफआईडी कार्ड की सुविधा

जम्मू। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड तीर्थयात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए जल्द ही मौजूदा यात्रा पर्ची के स्थान पर रेडियो फ्रीक्केंसी पहचान पत्र ( आरएफआईडी) सुविधा उपलब्ध करायेगा। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने यूनीवार्ता को बताया कि जम्मू कश्मीर में रियासी जिले के कटरा आधार शिविर में त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में दर्शन के लिए प्रत्येक वर्ष लगभग एक करोड़ श्रद्धालु आते हैं। तीर्थयात्रियों पर नज़र रखने के लिए, विशेष रूप से जो भीड़ में गुम हो जाते हैं या अपने ग्रुप/ परिवार से बिछड़ जाते हैं, जल्द ही एक पूर्ण आरएफआईडी सुविधा की शुरूआत की जाएगी। इसका ट्रायल शुरू हो चुका है और आने वाले सप्ताहों में इसे पूर्ण रूप से जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरएफआईडी कार्डधारी तीर्थयात्रियों को आधार शिविर कटरा से भवन तक 13 किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान ट्रैक किया जा सकता है, जो न केवल आगंतुकों के लिए बल्कि श्राइन बोर्ड और अन्य यात्रा सुविधा एजेंसियों के लिए भी एक वरदान साबित होगा। गौरतलब है कि अभी प्रतिदिन 20,000 से 25,000 हजार भवन में मत्था टेकने के लिए कटरा आधार शिविर पहुंच रहे हैं।

## नैनीताल में नदी में नहाते वक्त दो युवक डूबे

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में दो अलग अलग घटनाओं में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई जबकि दो युवक लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। पहली घटना नैनीताल-रानीखेत मार्ग पर भुजान के पास घटी। बताया जा रहा है कि भवाली स्थित एयर फोर्स स्टेशन में संविदा पर काम करने वाले राजस्थान निवासी रवि कुमार अपने साथी संजय पांडे व अन्य पांच साथियों के साथ रानीखेत रोड के पास कोसी नदी में नहाने गये थे। इस दौरान दोनों तेज बहाव की चपेट में आ गए। इससे अन्य लोगों में हड़कंप मच गया और आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार साह ने बताया कि भवाली से राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) व पुलिस की टीम मौके पर भेजी गयी। दूसरी ओर रानीखेत थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और युवकों की तलाश की गयी। कुछ देर बाद रवि कुमार का शव बरामद कर लिया गया। संजय पांडे की तलाश की जा रही है। दूसरी घटना हल्द्वानी के काठगोदाम थाने के अन्तर्गत गौला पार में घटी है। काठगोदाम थाना प्रभारी प्रमोद पाठक ने बताया की हल्द्वानी निवासी युवराज जोशी व सुधीर गौड़ गौला नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में उतर गये औ दोनों लापता हो गये। तत्काल हल्द्वानी काठगोदाम पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य चलाया गया।

## मुनुगोड़े विस उपचुनाव में टीआरएस का समर्थन करेगी भाकपा : नारायण

तिरुपति। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राष्ट्रीय सचिव डॉ के नारायण ने कहा है कि पार्टी मुनुगोड़े विधानसभा सीट के उपचुनाव में तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का समर्थन करेगी। श्री नारायण ने रविवार को यहां पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि भाकपा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करने के अपने आदर्श वाक्य के साथ मुनुगोड़े विधानसभा सीट के उपचुनाव में टीआरएस का समर्थन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि हालांकि उनकी पार्टी का टीआरएस के साथ कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। भाकपा टीआरएस का इसलिए समर्थन कर रही है, क्योंकि उपचुनाव भाजपा नेतृत्व का एक प्रेरित राजनीतिक डिजाइन है। विधायक राजगोपाल रेड्डी को इस क्षेत्र में अपने राजनीतिक वर्चस्व को प्रदर्शित करने के लिए भाजपा में शामिल होने के बाद सीट से इस्तीफा देने के लिए प्रेरित किया गया था। उन्होंने कहा कि मुनुगोड़े उपचुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नियंत्रित भाजपा आलाकमान के हाई ड्रामा का नतीजा है।

## प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक मामले में अब 22वां अभियुक्त गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक करने और नकल कराने में रविवार को एक सरकारी शिक्षक गिरफ्तार कर लिया गया। यह अब तक की 22वीं गिरफ्तारी है। मामले के खुलासे में लगे पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय सिंह ने बताया कि इस मामले में पेपर लीक द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण किए कुछ छात्रों के बयानों, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और गहन पूछताछ उपरांत, अभियुक्त जगदीश गोस्वामी पुत्र गोपाल बाबू गोस्वामी, निवासी चांदी खेत, पोस्ट ऑफिस गनाई, थाना चौखुटिया, जिला अल्मोड़ा को एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

## बालासोर में बाढ़ से बचावकार्य के लिए हेलीकाप्टर की सुविधा

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने बालासोर जिले में बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर आपातकालीन सेवा के लिए जिला प्रशासन को एक हेलिकॉप्टर भेजा है। ओडिशा विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) पी के जेना ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगातार भारी बारिश को देखते हुए बालासोर जिले और मयूरभंज में भारी बाढ़ आने की आशंका है। सुवर्णरेखा की धारा में झारखंड के गालुदीह बैराज से 16 फाटकों से लगभग छह लाख क्यूसिक पानी छोड़े जाने से भारी बाढ़ आने की आशंका है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देशों पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने में बालासोर जिला प्रशासन को हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराया की है।

# मिजोरम के सीएम की बेटी ने डॉक्टर को मारा थप्पड़, मुख्यमंत्री ने मांगी माफी



आइजोल। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा की बेटी का वीडियो वायरल होने के बाद सीएम ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कहा कि वह अपनी बेटी के इस व्यवहार को किसी भी तरह उचित नहीं ठहरा सकते। सीएम ने कहा, बेटी ने डॉक्टर के पास जाकर उनसे माफी मांगी है। मुख्यमंत्री की बेटी मिलारी छांगते का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था जिसमें वह एक डॉक्टर को थप्पड़ मार रही थीं। बुधवार की इस घटना से डॉक्टरों में रोष हैं। शनिवार को 800 से ज्यादा डॉक्टरों ने कथित हमले की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में से एक डॉक्टर ने कहा कि छांगते ने आइजोल स्थित चर्म रोग विशेषज्ञ पर हमला किया था। डॉक्टर ने छांगते से कहा कि उन्हें क्लीनिक पर अप्वाइंटमेंट लेकर आना चाहिए था, जिसपर वह भड़क गईं और उन्होंने हमला किया। आईएमए की मिजोरम इकाई ने बयान में कहा, हम चाहते हैं कि डॉक्टरों के साथ इस तरह का व्यवहार दोबारा न हो। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा, डॉक्टर के साथ मेरी बेटी जो व्यवहार किया उसके बचाव में मैं कुछ नहीं कहना चाहता। हम जनता से और डॉक्टरों से माफी मांगते हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री के बेटे ने भी सोशल मीडिया पर बहन की ओर से माफी मांगी थी और कहा था कि मानसिक तनाव की वजह से उनकी बहन ने आपा खोया था।

## गरीब व कामगार वर्ग को सुदृढ करने की दिशा में किया जा रहा है काम : सिंह

सिरसा। हरियाणा के बिजली, अक्षय ऊर्जा एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में खेल, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार आदि क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब व कामगार वर्ग को सुदृढ करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे है। हरियाणा सरकार निरंतर प्रदेश के विकास व सुविधाओं के विस्तार को लेकर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं व कार्यों का लाभ पहुंचे और सरकार अपने लक्ष्य में सफल भी हो रही है। संह रानियां विधानसभा क्षेत्र के साहुवाला प्रथम, कर्मगढ, खुइयांनेपालपुर, पन्नीवाला मोटा, घोड़ांवाली आदि गावों में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में साढ़े सात सालों के दौरान पूरे प्रदेश में समान विकास कार्यों के साथ-साथ आमजन को सरकार की योजनाओं व सुविधाओं का लाभ सरलता से मिले, इसके लिए गंभीरता से कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास की नीति पर चलकर विकास करवाए जा रहे हैं।

# हिमाचल प्रदेश में मोक्षधाम योजना शुरू : वीरेंद्र कंवर

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री वीरेंद्र कंवर ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के शमशान घाटों के काया कल्प के लिए ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में मोक्षधाम योजना शुरू की है ताकि शोकाकुल परिजन अपने प्रियजनों के शरीर के पंच तत्वों के विलय की प्रक्रिया को धार्मिक परम्पराओं के अनुरूप निर्विघ्न रूप से कर सकें तथा उन्हें स्थल पर सभी उचित सुविधायें मिल सकें।

श्री कंवर ने यहां कहा कि नए मॉडल के मुक्तिधाम स्थल का निर्माण परंपरागत शमशान से कई अर्थों में भिन्न होने के साथ ही स्वच्छता का प्रतीक भी होगा। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत परंपरागत तौर पर प्रयोग किये जा रहे शमशान घाटों में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं ताकि अन्तिम संस्कार में भाग ले रहे लोगों को बैठने, स्वच्छ जल तथा छायादार स्थल उपलब्ध करवाया जा सके। राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान अब तक 1648.99 लाख रुपये खर्च करके 477 शमशान घाटों का पुर्ननिर्माण करके मूलभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत पिछले पांच सालों में सर्वाधिक 131 शमशान घाट कांगड़ा जिला में विकसित किये गए हैं जिनमें दाह संस्कार, धार्मिक पूजन तथा अन्य अनुष्ठानों के लिए वर्तमान स्थल का विस्तार किया गया है।

# असम के 25 जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित, कई जिलों में धारा-144 लागू

गुवाहाटी। असम सरकार के विभिन्न विभागों में ग्रेड-चार के पदों के लिए लिखित परीक्षा के दौरान संभावित कदाचार को रोकने के लिए असम के 25 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को रविवार को चार घंटे के लिए निलंबित कर दिया गया। इसक साथ-साथ उन जिलों में धारा-144 लागू कर दी गई है, जहां परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं।

21 और 28 अगस्त तथा 11 सितंबर को होने वाली परीक्षाओं में ग्रेड-तीन और ग्रेड-चार के लगभग 30,000 पदों के लिए 14.30 लाख से अधिक उम्मीदवारों के शामिल होने की उम्मीद है। ग्रेड-चार की परीक्षाएं रविवार को दो पालियों में हुईं, जबकि ग्रेड-तीन के पदों के लिए अन्य दो तिथियों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम (एसईबीए) द्वारा आयोजित की जा रही हैं।



### दूरसंचार कंपनियां यूजर्स को भेज रही मैसेज

निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी एयरटेल और रिलायंस जियो के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि असम सरकार के निर्देश के अनुसार 25 जिलों में चार घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। एयरटेल ने अपने ग्राहकों को एसएमएस के जरिए सूचित किया, प्रिय ग्राहकों, सरकारी निर्देश के अनुसार, आपके क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद की जा रही हैं। इसी तरह के संदेश अन्य ऑपरेटरों ने भी राज्यभर में अपने ग्राहकों को भेजे थे।

### परीक्षा को निष्पक्ष बनाने का प्रयास

17 अगस्त को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान संभावित मिसकंडक्ट से बचने के लिए परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया जाएगा। इस बीच, असम पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि इन तीन दिनों के लिए परीक्षा स्थलों और उसके आसपास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 लागू कर दी गई है, ताकि परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया जा सके।

परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल ले जाना भी वर्जित है। गुवाहाटी पुलिस ने एक अलग आदेश में कहा कि सीआरपीसी की धारा-144 के तहत गुवाहाटी में एसईबीएस कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में भी उस समय तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जब तक कि उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करने, जमा करने और जांचने की प्रक्रिया समाप्त नहीं हो जाती।

# पेशी पर आया हत्या का आरोपी महिला के साथ होटल में मिला

## बाहर पहरा दे रही थी पुलिस; पांच गिरफ्तार

हुबली। कर्नाटक के हुबली जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां, पुलिस हिरासत में रहते हुए हत्या के आरोपी को होटल में महिला साथी के साथ रहने के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी ने महिला के साथ होटल में उस वक्त साथ रहा जब उसे मामले की सुनवाई के लिए बल्लारी से धारवाड़ लाया गया है। आरोपी जब तक साथी महिला के साथ होटल में रहा पुलिस बाहर में पहरा देती रही।

एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, इरफान खान नाम के शख्स की हत्या के सिलसिले में बच्चा खान (55) को शनिवार को सुनवाई के लिए बल्लारी से धारवाड़ लाया गया था।



उसे अदालत में पेश करने के बाद, उसने साथ आए पुलिसकर्मियों से अनुरोध किया कि उसे अपने साथी के सात कुछ समय बिताने की अनुमति दी जाए। जब तक शख्स अपनी साथी के सात होटल में रहा तब तक पुलिस बाहर में पहरा देती रही है।

किसी तरह से मामले की जानकारी गोकुल रोड पुलिस को हुई, उसने आनन फानन में छापा में और उन लोगों की भी आखें खुली की खुली रही गईं। आरोपी महिला साथी के साथ होटल के कमरे में था और जेल से उसके साथ आए पुलिसकर्मी बाहर पहरा दे रहे थे। पुलिस ने महिला साथी समेत सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### बदमाशों ने घर में घुसकर दंपति को मारी गोली

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने इस सिलसिले में बच्चा खान और उसके साथी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आगे की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने कहा कि बच्चा खान हत्या के एक मामले में 20 साल से अधिक समय से जेल में है।

## हरियाणा के जांच शिविर में 400 लोगों की नेत्र जांच

सिरसा। जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ के सुपर स्पेशलिस्टि अस्पताल की ओर से रविवार को गांव खारियां के डेरा बाबा मूंगानाथ पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 106वीं जयंती के उपलक्ष्य में लगाया गया था। शिविर के सिलसिले में अस्पताल के सीईओ सुखविंद्र सिंह ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बाबा मूंगानाथ डेरा के महंत बाबा दलीप नाथ ने किया। शिविर के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश गुप्ता ने अपने सहयोगियों अमित व गीता के सहयोग से करीब 400 लोगों की नेत्र जांच की। इस दौरान नेत्र रोगियों को डॉ. गुप्ता ने बताया कि नेत्र शरीर का सबसे संवेदनशील भाग होते हैं और इनकी देखभाल भी बेहद संवेदनशीलता से करनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने मौके पर उपस्थित नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच कर उन्हें निः शुल्क दवाएं व जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए।

# 'महाकाल की थाली' वाले विज्ञापन पर जोमैटो ने मांगी माफी

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के एक विज्ञापन को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इस विज्ञापन में अभिनेता ऋतिक रोशन दिख रहे हैं। इसी बीच अब जोमैटो ने इस पूरे मामले पर माफी मांगते हुए सफाई पेश की है। जोमैटो की तरफ से यह भी कहा गया है कि इस विज्ञापन को अब हटा भी लिया गया है। साथ ही यह भी बताया गया कि इस विज्ञापन को क्यों शूट किया गया था।

दरअसल, जोमैटो की तरफ से दिए गए एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि ऋतिक रोशन स्टारर विज्ञापन में उज्जैन के कुछ विशिष्ट पिन कोड में महाकाल रेस्तरां का उल्लेख किया गया था, ना कि श्रद्धेय महाकालेश्वर मंदिर का। महाकाल रेस्तरां उज्जैन का रेस्तरां है। यह वीडियो हमारे अखिल भारतीय अभियान का हिस्सा है जिसमें हमने प्रत्येक शहर में चलाया है।

बयान में यह भी कहा गया कि हमने लोकप्रियता के आधार पर ही %महाकाल रेस्तरां% का चयन किया है। हम उज्जैन के लोगों की भावनाओं का गहरा सम्मान करते हैं, और अब इस विज्ञापन को हटा लिया गया है। हम तहेदिल से माफी मांगते हैं, क्योंकि किसी की आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाने का हमारा इरादा नहीं था।

असल में यह पूरा विवाद इसलिए हुआ था क्योंकि विज्ञापन में महाकाल शब्द का उपयोग किया गया था। यह विज्ञापन एड एक्टर ऋतिक रोशन ने किया है। इसमें वे कह रहे हैं, थाली का मन किया। उज्जैन में हैं, तो महाकाल से मंगा लिया। महाकाल मंदिर के पुजारियों ने भी इस पर कड़ा विरोध जताया था। उनका कहना है कि महाकाल मंदिर किसी थाली की डिलीवरी नहीं करता है।

## चंडीगढ़, मोहाली में आतंकी हमले का अलर्ट, निशाने पर बस अड्डे; पंजाब पुलिस मुस्तैद

चंडीगढ़। चंडीगढ़ और मोहाली में आतंकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। खबर है कि पाकिस्तान के इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस की तरफ से चेतावनी के बाद सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट मोड पर है। खास बात है कि हाल ही में मुंबई ट्रैफिक पुलिस के पास भी एक चेतावनी भरा मैसेज आया था, जिसमें 26/11 जैसे हमले की चेतावनी दी गई थी। खबर है कि मुंबई में पुलिस ने मामले में एक शख्स को हिरासत में लिया है। एजेंसी के अनुसार, इंटेल है कि आतंकवादी चंडीगढ़ और मोहाली में बास अड्डों को निशाना बना सकते हैं। खुफिया एजेंसियों ने राज्य की पुलिस, जीआरपी और राज्य की खुफिया एजेंसी को साथ मिलकर काम करने और इनपुट्स को लेकर सतर्क रहने के लिए कहा है। मई में ही मोहाली में पुलिस कार्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड गन यानी RPG अटैक हुआ था। खबर है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI स्पॉन्सर्ड एक प्रोपेगैंडा वीडियो सामने आया था। यह वीडियो जम्मू और कश्मीर के राजौरी में हुए आत्मघाती के बाद सामने आया था। रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो में नजर आ रहे आतंकवादियों ने 11 अगस्त को हुए फिदायीन हमले की जिम्मेदारी ली थी। हाल में भारत ने स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। 15 अगस्त से पहले भी अलर्ट जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों ने भारत में सुरक्षा व्यवस्थाओं पर निशाने की योजना बनाई थी। भाषा के अनुसार, मुंबई यातायात पुलिस के नियंत्रण कक्ष को उसके हेल्पलाइन नंबर पर कई धमकी भरे संदेश मिले हैं, जिनमें कहा गया है कि छह लोग मुंबई में 26/11 जैसे हमले करेंगे और शहर को उड़ाने की तैयारी की जा रही है।

## फक्कर झंडा टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

सिरसा। हरियाणा में सिरसा के गांव पनिहारी में पीर बाबा शाबहु शाह के धर्मस्थल पर मेला प्रबंधक कमेटी,ग्राम पंचायत,युवा कल्ब के सहयोग से धार्मिक सालाना जोड़ मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा और पंजाब से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर जोड मेले की रौनक बढ़ाई व पीर की मजार पर माथा टेक कर लंगर ग्रहण किया। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें हरियाणा व पंजाब राज्यों की अनेक टीमों ने हिस्सा लिया। अच्छा प्रदर्शन कर फाईनल में पहुची पंजाब के मानसा जिले के गांव फक्कर झंडा व बरनाला की टीमों के बीच हुए रोचक मुकाबले मे फक्कर झंडा की टीम अव्वल रही।

# कर्नाटक : गणेश मंडपों में लगेगी सावरकर की प्रतिमा, पोस्टर पर हो चुका है विवाद

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक में वीर सावरकर के पोस्टर के बाद अब पोस्टर को लेकर चर्चाएं तेज हैं। खबर है कि हिंदू संगठन श्रीराम सेना ने आगामी त्यौहार में गणेश प्रतिमाओं के साथ सावरकर की प्रतिमाएं या तस्वीरें रखने का फैसला किया है। इसे लेकर राज्य में अभियान भी शुरू किया जा रहा है। हाल ही में विपक्ष के नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सावरकर की तस्वीर पर दिए गए बयान को लेकर विवादों में आ गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दक्षिणपंथी समूह का कहना है कि वह विजयपुर इलाके में 250 से ज्यादा गणेश मंडपों में सावरकर के बारे में जानकारी देने की तैयारी की है। इसके अलावा श्रीराम सेना ने यह भी कहा कि समूह ने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया को सावरकर पर लिखी गई कई किताबें भेजने का फैसला किया गया है। शिवमोगा के मुस्लिम इलाके में सावरकर की तस्वीर लगाने की जरूरत को लेकर कांग्रेस की तरफ से दिए गए कथित पर बयान पर जमकर हंगामा हुआ था।

हालांकि, इस मामले में कर्नाटक सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई थी। राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने स्वतंत्रता दिवस पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था, जब भी घटना होती है, हम कानून के हिसाब से उसकी जांच करते हैं। सभी का सम्मान जरूरी है, हमने विपक्ष के नेताओं को जरूरी सुरक्षा मुहैया कराई है। राज्य में शांति बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने आगे कहा, इंदिरा गांधी ने सावरकर को देश का नेक बेटा बताया था, लेकिन मणिशंकर अय्यर ने उनके खिलाफ बात की। टीपू सुल्तान के खिलाफ भी विरोध था। ये सब ऐतिहासिक बाते हैं। इन सभी विचारों के समर्थन और विरोध के विचार हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि हम कैसे राजनीतिक तरीकों से इनका इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि किसी को भी कभी कानून को अपने हाथों में नहीं लेना चाहिए।

# केरल में राजनीतिक हिंसा के पीड़ितों के लिए देश की पहली पेंशन योजना घोषित

तिरुवनंतपुरम। दिल्ली स्थित मंगलनम स्वामीनाथन फाउंडेशन ने केरल में राजनीतिक हिंसा के पीड़ितों के लिए देश में पहली बार पेंशन योजना की घोषणा की है।

फाउंडेशन के अध्यक्ष और प्रबंध ट्रस्टी डॉ. आर बाला शंकर ने रविवार को कहा कि इस नेक काम के लिए पहले कदम के रूप में अपने परिवार के सदस्यों तथा आजीविका खोने वाले तथा किसी भी तरह के किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता प्राप्त करने में विफल सबसे योग्य 51 परिवारों को 2,000 रुपये की मासिक सहायता के लिए चुना गया है।

उन्होंने कहा कि यह योजना केरल में सभी प्रकार की राजनीतिक दुश्मनी के खिलाफ जन जागरूकता पैदा करने का हिस्सा है जो राजनीतिक रूप से प्रायोजित हिंसा का गवाह है। उन्होंने बताया कि 51 परिवारों की पहली सूची में राजनीतिक हिंसा के शिकार और '1975-आपातकाल' के पीड़ित भी शामिल हैं और उनमें से कई पैसे की कमी के कारण अपने इलाज का खर्च वहन करने तक में असमर्थ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केरल में दैनिक राजनीतिक संघर्षों और हत्याओं के बीच शांति और कल्याण के संदेश के रूप में फाउंडेशन ने अनाथ बच्चों के लिए मासिक पेंशन योजना शुरू की है, जिन्होंने इस तरह के संघर्षों के परिणामस्वरूप अपनी आजीविका खो दी है।

उन्होंने कहा कि पेंशन योजना में कोई राजनीति नहीं है तथा चयन प्रक्रिया में कोई राजनीतिक, धार्मिक या जातिगत विचार नहीं है। चयन के लिए केवल परिवार को हुई आय के स्रोत और इसके परिमाण तथा इन हिंसा के कारण परिवारों को होने वाली वित्तीय कठिनाई पर विचार किया गया है।

केरल में हत्या की राजनीति 1980 के दशक में एक सामाजिक तबाही बन गई है। तब से अब तक राजनीतिक हत्याओं में हजारों जानें जा चुकी हैं। साथ ही असंख्य लोगों को क्षत-विक्षत कर दिया गया और उनके जीवन के तरीके को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में अकेले केरल में 1,300 से अधिक हत्याएं हुई हैं।

उन्होंने कहा,इनमें से एक अच्छा प्रतिशत राजनीतिक हत्याएं हैं। हम केरल की धरती से इस तरह के क्रूर और पुराने राजनीतिक द्वेष को हमेशा के लिए मिटाना चाहते हैं। पेंशन योजना को सामाजिक जागरूकता अभियान के रूप में भी शुरू किया गया था।

# मोदी सरकार के 8 वर्षो में बढ़ी महिलाओं की सहभागिता: राय

शिमला। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि आदिकाल से ही महिलाओं की सहभागिता और सहयोग समाज के निर्माण ने भूमिका रही है। भारतीय सभ्यता संस्कृति में हमेशा से ही महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। मोदी सरकार के पिछले आठ सालों में महिलाओं को पूरे सम्मान के साथ आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को न केवल पुलिस बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर देना मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

श्री राय ने कहा कि यह सम्मेलन हर दो वर्ष में आयोजित किया जाता है। शिमला में हो रहे इस सम्मेलन मे कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल कर पुलिस तंत्र में कई सुधारात्मक सुझाव प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं को सुरक्षा के लिये नए आयाम छूने में सहयोग मिलेगा। महिलाओ की सहभागिता पुलिस बल, पैरामिलिट्री व अन्य सुरक्षा बलों में बढ़ी है यह गर्व की बात है।

## शार्ट न्यूज

### कोरोना अभी गया नहीं है, वैक्सीन अवश्य लगवाए : डॉ अनिल गोयल जी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला ने आनंद विहार डी ब्लॉक शिव मंदिर में बूस्टर डोज़ कैंप का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डॉ अनिल गोयल जी ने लोगो से आह्वान किया की कोरोना अभी गया नहीं है। सभी को वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मोदी सरकार जनता को निशुल्क बूस्टर खुराक उपलब्ध करा रही है। लोगो को चाहिए के वे अपने क्षेत्र में मुख्य जिला मेडिकल ऑफिसर के यहाँ संपर्क करें और बूस्टर डोज़ जरूर लगवाए। 200 करोड़ वैक्सीन लगाए पर डॉ अनिल गोयल जी ने चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित किया उन्होंने कहा ये आप सबके प्रयास से ही संभव हो पाया है आप सब बधाई के पात्र है। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद श्रीमती गीता शर्मा जी, मंडल अध्यक्ष हितेश आर्य जी एवं संयोजक अमिताभ बंसल जी उपस्थित रहे।

### थाना दनकौर पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्ता रीना पत्नी नीरज निवासी ग्राम बांजरपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के बाँजरपुर नहर पुल के पास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उपरोक्त अभियुक्ता थाना दनकौर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 287/22 धारा 363,376,120बी,506 भादवि व 3/4 पोक्सो अधिनियम में वांछित चल रही थी।गौरतलब है कि 12 अगस्त 2022 को अभियुक्ता रीना पत्नी नीरज द्वारा अभियुक्त राजा पुत्र इन्द्र निवासी बाँजरपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर के साथ वादिनी की पुत्री को जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बिठाकर भेज दिया था। अभियुक्त राजा द्वारा वादिया की पुत्री को एक बाग में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था।जिसके सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत किया गया था।गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पोक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना दादरी पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त अभिषेक उर्फ कालू पुत्र रवी रावल निवासी ग्राम घोडा बछेडा थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के बिरयानी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।उपरोक्त अभियुक्त थाना दादरी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 425/2022 धारा 354 भादवि व 7/8 पोक्सो अधिनियम के तहत वांछित चल रहा था।अभियुक्त द्वारा वादिया की पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में वादिया द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### बांके बिहारी मंदिर में भगदड़ के दौरान नोएडा निवासी महिला की मौत

नोएडा। वृंदावन स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में शुक्रवार रात मंगला आरती के दौरान मची भगदड़ में नोएडा निवासी निर्मला देवी (48 वर्ष) की मौत हो गई। वे परिवार के साथ सेक्टर 99 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में रहती थी। उनके बेटे अमन ने बताया कि वे अपनी मां और पत्नी सृष्टि के साथ शुक्रवार रात आठ बजे निजी कार से वृंदावन के लिए निकले थे। रात 11.30 बजे वृंदावन में खाना खाया और 12 बजे मंदिर के पास पहुंच गए। रात दो बजे मंगला आरती के दौरान अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें वे परिवार से अलग हो गए। भीड़ के धक्के में बाहर निकले लेकिन उनकी मां नहीं दिखी। पत्नी से वे फोन पर संपर्क में थे। पुलिस से उन्होंने मां के बारे में पूछा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद एक हलवाई को बताए गए हुलिए से उन्हें पता लगा कि उनकी मां को सरकारी अस्पताल ले गए हैं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि उनकी मां की मृत्यु हो गई। सरकारी एंबुलेंस से वे शनिवार सुबह 6.30 बजे उनके शव को नोएडा लेकर आए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को होगा।

### प्रोजेक्ट बनाने के नाम पर बिल्डर से ठगी

नोएडा। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के पास एक प्रोजेक्ट बनाने का झांसा देकर नोएडा के एक बिल्डर से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपियों ने किसी और की जमीन दिखाकर उनसे पैसे ठगे हैं। बिल्डर ने सेक्टर-113 थाने में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। सेक्टर-119 निवासी नवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 में एक प्रॉपर्टी डीलर के माध्यम से उनकी मुलाकात दिनेश यादव राकेश कुमार यादव, राजू, केदारनाथ सहित उनके अन्य साथियों से हुई थी। इन लोगों ने नवीन से कहा कि अयोध्या मे राम मंदिर का निर्माण शुरु होने वाला है। इसको लेकर अयोध्या के आसपास विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। आरोपियों ने कहा कि वह मंदिर के पास प्रोजेक्ट बनाने जा रहे हैं। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को एक जमीन दिखाई। आरोपियों ने संबंधित जमीन को अपनी बताकर कहा कि यहां प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट में निवेश करने पर बहुत फायदा होगा। आरोपियों की बात सुनकर वह उनके झांसे में आ गया। उन्होंने प्रोजेक्ट के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए। नवीन का कहना है कि बाद में पता चला कि जिस जमीन को आरोपियों ने अपनी बताया था, वह किसी ओर की निकली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### हिरासत में लिए राकेश टिकैत को दिल्ली पुलिस ने वापस गाजीपुर बॉर्डर पर छोड़ा

मेरठ। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को रविवार को दिल्ली जाते समय दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया था। इसकी सूचना मिलने के बाद मेरठ-मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में किसान अलर्ट हो गए। पश्चिमी यूपी में किसानों ने विरोध में थानों पर धरने शुरू कर दिए थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने बाद में उन्हें वापस गाजीपुर बॉर्डर पर छोड़ दिया। इसके बाद राकेश टिकैत ने किसानों से धरने खत्म करने की अपील की और कहा कि सोमवार को दिल्ली में उनका गांधी पीस फाउंडेशन में कार्यक्रम होगा। लखीमपुर धरने के बाद भाकियू के वरिष्ठ नेता राकेश टिकैत दिल्ली में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया और दिल्ली के मधु विहार थाने में ले जाया गया। कुछ कार्यकर्ता भी पुलिस ने उनके साथ हिरासत में ले लिए थे। दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की वीडियो-फोटो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुई। रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे उन्हें दिल्ली पुलिस ने आगे जाने से रोक दिया और कहा कि आगे जाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद उन्हें थाने ले जाया गया। घंटों के बाद उन्हें पुलिस ने वापस गाजीपुर बॉर्डर लाकर छोड़ दिया। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किसानों को दिल्ली में रोकने पर सवाल उठाया और कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

# यह लुकआउट नोटिस मोदी जी को 2024 में देश से ऑल-आउट करेगा : संजय सिंह

## मोदी जी ने निराशा में मनीष सिसोदिया के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर कायरता का परिचय दिया है : संजय सिंह

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केंद्र द्वारा लुकआउट नोटिस जारी करने पर कहा कि यह लुकआउट नोटिस मोदी जी को 2024 में देश से ऑल-आउट करेगा। मोदी जी ने निराशा में मनीष सिसोदिया के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर कायरता का परिचय दिया है। जब सीबीआई के छापों के बाद कुछ नहीं मिला तो मोदी जी कहते हैं कि लुकआउट नोटिस निकाल कर नौटंकी करते हैं। मोदी जी ने अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाकर यह लुक आउट नोटिस दिया है। भाजपा कान खोल कर सुन ले, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लुक आउट नोटिस उसके खिलाफ जारी किया जाता है, जो जांच में सहयोग नहीं कर रहा हो या जिसके भागने की संभावना हो। मनीष सिसोदिया न तो कहीं जा रहे हैं और न तो कहीं भाग रहे हैं। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या, ललीत मोदी, नितिन संदेसरा, हजारों करोड़ रुपए लूटकर भाग गए। मोदी सरकार उनको लुट आउट नोटिस नहीं जारी करती है, लेकिन जिस कैबिनेट मंत्री को बाहर जाने से पहले केंद्र से अनुमति लेनी पड़ती है, उसको लुक आउट नोटिस जारी कर रही है। देश की जनता महंगाई से और नौजवान बेरोजगारी से कराह रहा है। मोदी जी को यह ड्रामा बंद कर देश की चिंता करनी चाहिए।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में आज प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश और दुनिया के सबसे लोकप्रिय शिक्षा मंत्री, जिनका नाम शिक्षा क्रांति के लिए पूरी दुनिया में लिया जा रहा है। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति की धर्मपत्नी हिन्दुस्तान आती हैं, तो वो कहती हैं कि केजरीवाल के स्कूल देखना हैं, हमें मनीष सिसोदिया के द्वारा बनाए स्कूल को देखना है। मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए एसी कमरे बनावाए, स्वीमिग पूल, एथलिट व हॉकी के ग्राउंड बनवाए और पिछले पांच वर्षों से सरकारी स्कूलों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से बेहतर आ रहा है। ऐसे शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को नरेंद्र मोदी की सरकार ने लुक आउट नोटिस जारी किया है। लुक आउट नोटिस जारी करने के पीछे वजह क्या है? मैं समझता हूं कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार अपनी हताशा-निराशा और कायरता का परिचय दे रही है।

मोदी सरकार ने मनीष सिसोदिया के घर पर 14 घंटे तक सीबीआई के छापे मरवाया, सारी जांच करा ली। कोई संपत्ति और संपत्ति का कागज नहीं मिला। पैसे की बरामदगी नहीं हुई। कोई सोना नहीं मिला। देश के 31 ठिकानों पर छापेमारी की गई। लेकिन मोदी जी के पास बताने के लिए कुछ नहीं है कि मनीष सिसोदिया के पास क्या मिला? मनीष सिसोदिया के पास से जब कुछ नहीं मिला, तो मोदी जी ने एक ड्रामा शुरू करते हुए मनीष सिसोदिया पर लुक आउट नोटिस जारी कर दी। लुक आउट नोटिस उसके खिलाफ जारी किया जाता है, जो व्यक्ति भागा हुआ हो या जांच में सहयोग नहीं कर रहा हो या फिर जिसके भागने की संभावना हो। मनीष सिसोदिया दिल्ली के शिक्षा मंत्री हैं। मोदी जी और भाजपाइयों को इतना पता होना चाहिए कि कैबिनेट मंत्री होने के नाते मनीष सिसोदिया को कहीं भी विदेश जाने के लिए पहले केंद्र सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है। भाजपाइयों की सोच पर दया आती है कि एक कैबिनेट मंत्री को कहीं विदेश जाने के लिए पहले केंद्र सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है और मोदी जी की सरकार लुक आउट नोटिस का ड्रामा कर रही है।

# केजरीवाल 24 घण्टे के अंदर बताए कि उन्होंने आबकारी नीति वापस क्यों ली : गौरव भाटिया

## केजरीवाल के हाथ पूरी तरह से भ्रष्टाचार के रंगों में रंगे हुए हैं : आदेश गुप्ता

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गौरव भाटिया ने केजरीवाल से सवाल करते हुए कहा कि केजरीवाल 24 घंटे के अंदर बताए कि उन्होंने आबकारी नीति वापस क्यों ली। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के मंत्रियों से सवाल आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार पर किया जाता है तो जवाब आता है कि दिल्ली की शिक्षा मॉडल की तारीफ विदेशी अखबारों में हो रही है। लेकिन हकीकत तो यही है कि आम आदमी पार्टी आज जनता के लिए अभिशाप साबित हुई है। अगर केजरीवाल में थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो वे तुरंत सतेंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को मंत्री पद से बर्खास्त करें। आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री गौरव भाटिया ने कहा कि देश की जनता और



दिल्ली भी समझ चुकी है कि केजरीवाल सबसे भ्रष्ट मुख्यमंतत्री हैं। हमें गर्व है कि हमने दिल्ली में एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए जनता के सवाल विधानसभा में उठाया और उसका परिणाम आज सबके सामने है कि केजरीवाल द्वारा किये गए भ्रष्टाचार की परतें एक एक करके खुलती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी की ढोंग रचने वाले केजरीवाल जब दिल्ली कोरोना को लेकर पूरी तरह से परेशान थी तो उस वक्त शराब माफियाओं के साथ मिलकर दिल्ली को लूटने की साजिश रच रहे थे। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख श्री संजय मयूख और दिल्ली भाजपा रिलेशन विभाग के प्रभारी श्री हरीश खुराना उपस्थित थे।

गौरव भाटिया ने मनीष सिसोदिया के उस जवाब को शर्मनाक बताया जिसमें वे घोटालों पर किये गए सवाल का जस्टिफिकेशन यह दे रहे थे कि यह तो सिर्फ एक करोड़ का छोटा घोटाला है। आज जनता के सवालों से केजरीवाल की ईमानदारी की नींव पूरी तरह से हिल गई है और वे किसी भी सवालों का सही से जवाब देने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि आखिर शराब माफियाओं के साथ इतनी दोस्ती कब से हो गई कि 144 करोड़ रुपये माफ किये गए फिर 30 करोड़ रुपये जुर्माना भी माफ कर दिया गया। क्या इसी विजन को लेकर केजरीवाल सत्ता में आये थे। आदेश गुप्ता ने कहा कि आजाद भारत के बाद यह पहली बार देखा गया है एक ही मंत्री शिक्षा विभाग भी संभालता है और आबकारी विभाग भी। यही केजरीवाल है जो कहा करते थे कि अगर किसी भी मंत्री या नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार का सिर्फ आरोप लगा तो हम उसे मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देंगे, लेकिन आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जो सतेंद्र जैन को जेल जाने के बाद भी केजरीवाल उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में आबकारी नीति को लेकर जिस तरह से जनता के पैसे को लूटा गया, उस लूट में मनीष सिसोदिया सहित केजरीवाल का भी हाथ है।

# गार्ड से बदसलूकी करने वाली 'गालीबाज' महिला गिरफ्तार

**एजेंसी**

नोएडा। जेपी विश टाउन सोसाइटी में एक महिला द्वारा गार्ड को गंदी-गंदी गालियां देने और बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। महिला का वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस ने इस संबंध में थाना सेक्टर 126 में एफआईआर दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, नोएडा पुलिस ने बताया कि जेपी विश टाउन सोसाइटी में एक सिक्योरिटी गार्ड को गाली देते हुए वीडियो में कैद हुई महिला को रविवार दोपहर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी महिला पर आईपीसी की धाराओं 153 ए, 323, 504, 505 (2), 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी महिला की पहचान भव्या रॉय के रूप में हुई है। सेक्टर-126 की जेपी सोसाइटी में रहने वाली यह महिला सोसाइटी का गेट खोलने में देरी होने से गार्ड पर भड़क गई थी। इसके बाद गुस्साई महिला ने गार्ड का कॉलर पकड़कर बदसलूकी की और बिहारी कहते हुए उसे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। इस दौरान किसी ने इस घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर नोएडा पुलिस को कार्रवाई करने के लिए शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

नोएडा में एडिशनल पुलिस कमिश्नर (मुख्यालय) भारती सिंह ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें भव्या राय नाम की एक महिला एक सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड के साथ धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार कर रही है।

सिक्योरिटी गार्ड की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। महिला की गाड़ी को भी थाने लाया गया और महिला को भी गिरफ्तार किया गया है।

## खरीफ फसलों में रोग से बचाव एवं प्रबंधन के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी की एडवाइजरी

ग्रेटर नोएडा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने जनपद के समस्त कृषकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद के विकासखंड कमलगंज में मक्का की फसल में तना छेदक का न्यून से मध्यम प्रकोप 95 हेक्टयर में देखा गया है। जिसके क्रम में प्रदेश में बोई गयी खरीफ फसलों में से एक प्रमुख फसल मक्का की फसल में तना छेदक के प्रकोप से बचाव एवं प्रबंधन के लिए बिंदुवार सुझाव एवं संस्तुतियां जारी की गई है। उन्होंने बिंदुवार जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्मकालीन जुताई से सुसुप्तावस्था के प्यूपा नष्ट हो जाते है।लाइट ट्रैप 5 प्रति एकड़ की दर से रात्रि के समय लगाने से प्रौढ़ कीट मर जाते है।मक्के कि फसल के चारों तरफ 3-4 कतार में ट्रैप फसल जैसे नैपियर की बुआई करनी चाहिए।अंतर-फसल के रूप में मक्के के साथ लोबिया कि 2:1 के अनुपात में बुआई करनी चाहिए।फसल की प्रारंभिक अवस्था में पक्षी आश्रय 10 प्रति एकड़ लगाकर तना छेदक कीट की संख्या कम कर सकते है।फसल की प्रारंभिक अवस्था में बालू + वूना 9:1 के अनुपात में बने मिश्रण का बुरकाय करने से तना छेदक कीट के लार्वा के खाने में रोक लग जाती है।अंडपरजीवी ट्राईकोग्रामा किलोनिस के 8 कार्ड प्रति हेक्टेयर कि दर से लगाना चाहिए। लार्वा परजीवी, कोटेसिया फ्लैविप्स, प्यूपा परजीवी, ड्रैगनफ्लसई, प्रेइंग मेटिस, पेटाटोमिड बग, बर्र आदि का संरक्षण करना चाहिए। कार्बोफ्यूरान 3 प्रतिशत सीजी 33.3 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से बुरकाव अथवा डाईमथोएट 30 प्रतिशत ईसी 660 मिलिलीटर प्रति हेक्टेयर कि दर से 500-1000 लीटर पानी अथवा थैमेथोक्साम 12.60 प्रतिशत + लैम्ब्डा साईहैलोथ्रीन 09.50 प्रतिशत जेड सी. 125 मिलिलीटर प्रति हेक्टेयर कि दर से 500 लीटर में घोलकर छिड़काव करना चाहिए।

# रोजगार आंदोलन को जंतर मंतर पर समर्थन देने पहुंचे कई नेता एवं किसान संगठन

## रोजगार आंदोलन, जंतर मंतर पर आ रहे किसान नेता राकेश टिकैत को पुलिस ने बॉर्डर पर ही रोका

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री एवं देश की बात फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल राय ने बताया कि केंद्र सरकार ने 16 अगस्त से ही रोजगार आंदोलन को किसी न किसी तरह दबाने की कोशिश कर रही है। पहले नंदनगरी से जंतर मंतर तक निकलने वाली तिरंगा यात्रा को रोका गया, फिर नंदनगरी में ही शांतिपूर्ण तरह से चल रहे क्रमिक अनशन को बंद कर 200 से ज़्यादा आंदोलनकारियों को पुलिस द्वारा जबरदस्ती गिरफ्तार कर नंदनगरी आंदोलन स्थल को सील कर दिया गया।

इसके साथ साथ कई बार प्रधानमंत्री और अलग अलग केंद्रीय मंत्रियो को राष्ट्रीय रोजगार नीति का ड्राफ्ट सौपने जा रहे संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति से जुड़े विभिन्न संगठनो के कार्यकर्ताओ को जबरन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

पिछले छह दिनों से केवल गिरफ्तारियां हो रही है, और हमारे कार्यकर्ता हाथ में झंडा उठाए और सर पे रोजगार आंदोलन की टोपिया पहने गिरफ्तारियां दे रहा है। मैं अपने सभी नौजवान कार्यकर्ताओ को सलाम करता हूँ की इतनी मुश्किलों के बाद भी वह अपनी राह से अलग नहीं हुए। देशभर के अलग अलग राज्यों से आए हमारे सभी प्रतिनिधियों के हौसलों को मैं सलाम करता हूँ की पुलिस के कितना रोकने पर भी वह देश की तरक्की के लिए और देश के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए किसी भी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं है। आज सुबह 10 बजे से केंद्र सरकार के खिलाफ संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर हमारे सभी कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, बीएसपी से लोकसभा सांसद कुंवर दानिश अली, राष्ट्रीय किसान मज़दूर संगठन के संयोजक वीएम सिंह, स्वाभिमानी पक्ष के अध्यक्ष और पूर्व लोकसभा सांसद राजू शेट्टी, भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख गुरनाम सिंह चढ़ूनी, भारतीय किसान यूनियन (अंबावत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अम्बावत आज यहाँ शामिल हुए है।

इन सभी दिग्गज नेताओ की मौजूदगी से राष्ट्रीय रोजगार नीति को लेकर हमारी मांग को एक नई दिशा और ऊर्जा मिली है। इसके साथ ही आज जंतर मंतर पर रोजगार संसद का भी आयोजन किया जा रहा है, जहाँ मौजूदा सभी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता राष्ट्रीय रोजगार नीति से जुड़े अपने अपने विचार को सभी के समक्ष रख रहे है।

### 22 अगस्त को कांस्टीटूशन क्लब में होगी संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति की बैठक

श्री गोपाल राय ने बताया कि रोजगार आंदोलन के अगले चरण में कल यानी 22 अगस्त को 11 बजे से दिल्ली के कंस्टीटूशन क्लब में संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति की बैठक होगी जिसमे आंदोलन की आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आज जो बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलनकारियों ने जज़्बा दिखाया है, उसे हम किसी भी तरह से दबने नहीं देंगे और यह आंदोलन इसी तरह आगे भी जारी रहेगा।

# मात्र सात घंटे में अपहृत तीन वर्षीय बच्चे को किया सकुशल बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा टु पुलिस ने मात्र सात घंटे में अपहृत तीन वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर अपहरणकर्ता अभियुक्त प्रमोद पुत्र प्रीतम सिंह निवासी कनैनी थाना खुर्जा जंक्शन जनपद बुलन्दशहर को जनपद बुलन्दशहर थाना खुर्जा जंक्शन क्षेत्र के गाँव कनैनी ग्राम से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि 21 अगस्त 2022 को वादिया आरती पत्नी सुनील निवासी गाँव अरनिया थाना कोलवा जिला दौसा राजस्थान द्वारा थाना बीटा टु पर अपने तीन वर्षीय पुत्र के अपहरण के सम्बन्ध में मुकदमा अपराध संख्या 562/2022 धारा 363 भादवि पंजीकृत कराया गया था। जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उच्च पुलिस अधिकारीगण के नेतृत्व में थाना बीटा टु पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। थाना बीटा टु पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महज सात घंटे के अंदर अपहृत बच्चे को जनपद बुलन्दशहर थाना खुर्जा जंक्शन क्षेत्र के गाँव कनैनी से सकुशल बरामद कर लिया। 20 अगस्त 2022 को अभियुक्त प्रमोद जो कि नशे का आदी है एवं जगतफार्म में एक दुकान पर टेलर का काम करता है।



प्रमोद के मालिक द्वारा बताया गया कि प्रमोद लगातार पिछले चार पांच दिन से बहुत ज्यादा शराब पी रहा था एवं अपने मालिक से कई बार पैसे की मांग की लेकिन मालिक द्वारा उसे शराब के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया। आरती पत्नी सुनील जो कि रक्षाबंधन पर राजस्थान से अपने मायके गामा-2 ग्रेटर नोएडा आयी हुई थी तथा आरती के भाई व माँ की गामा टु में गेट नम्बर एक के पास चाय की दुकान है। माँ व भाई की अनुपस्थिति में आरती चाय की दुकान पर अपने बच्चे के साथ आयी हुई थी जिसके बाद आरती अपने बच्चे को गार्ड की देखरेख में छोडकर दवाई लेने चली गयी तभी मौका पाकर अभियुक्त प्रमोद द्वारा फिरौती वसूलने की योजना बनाकर उक्त बच्चे का फिरौती हेतु अपहरण कर लिया गया। गामा टु के गेट नम्बर एक पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर अभियुक्त प्रमोद का नाम प्रकाश में आया जो बच्चे का अपहरण कर डेल्टा-2 स्थित शमशानघाट के पास छिप गया था। तथा पुलिस के डर एवं कार्यवाही को देखते हुए अभियुक्त अपहृत वंश को लेकर अपने गाँव कनैनी थाना खुर्जा जंक्शन जनपद बुलन्दशहर चला गया और एक खंडहरनुमा मकान में छिप गया था। अभियुक्त पिछले 12 वर्षों से अपने गाँव नहीं गया था अपहरण के पश्चात ही अभियुक्त अपने गाँव गया था जो कि फिरौती वसूलने की फिराक में था। अभियुक्त ने बताया कि फिरौती न मिलने की सूरत में वह बच्चे को कहीं ले जाकर बेच देता।

### विदेशी बनकर भारत घूमने का झांसा दे साइबर ठगों ने 2.76 लाख ठगें

गाजियाबाद। विदेशी बनकर एक महिला ने फेसबुक पर विजयनगर के रहने वाले एक युवक से दोस्ती की। फिर भारत घूमने के नाम पर उसे फंसाया और दिल्ली एयरपोर्ट आकर अधिकारी बनकर अधिक रकम लाने के कारण पुलिस द्वारा पकड़ने जाने की बात कही। साथ ही छोड़ने की बात कहते हुए उलझाकर पीड़ित से दो बार में 2.76 लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद भी पैसे की मांग की गई तो युवक को शक हुआ। फिर युवक ने साइबर सेल और पुलिस से शिकायत दी है।पुलिस के अनुसार, विजयनगर क्षेत्र स्थित भीमनगर के रहने वाले युवक कपिल शर्मा का कहना है कि जेनिस मार्कस नाम की लड़की की फेसबुक पर उनके पास रिक्वेस्ट आई। उन्होंने फेसबुक पर उसे स्वीकार कर दोस्त बना लिया। फिर दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। एक दूसरे के साथ दोस्ती होने पर जेनिस ने उनसे भारत घूमने की इच्छा जताई और दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्हें लेकर आने के लिए कहा। पीड़ित का कहना है कि अगले दिन उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया।

# सांसद आवास अपार्टमेंट से गिरी 20 साल की युवती, मौके पर ही मौत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में पंडित पंत मार्ग पर स्थित एमपी आवास अपार्टमेंट की छत से गिरकर एक युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। यह घटना 20 अगस्त की रात करीब 9:15 बजे की है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि, पुलिस हर एंगल से इस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने रविवार को बताया कि हमें सूचना मिली थी कि एक युवती सांसद के फ्लैट से नीचे कूद गई है। मृतका युवती की पहचान आयुषी (20) के रूप में हुई है। पुलिस को अपार्टमेंट की छत पर युवती का फोन और पर्स भी मिला है।

डीसीपी (नई दिल्ली) ने बताया कि शनिवार 20/08/2022 को रात लगभग 09¬15 बजे यमुना अपार्टमेंट बिशंबर दयाल मार्ग, नई दिल्ली में एक लड़की के छत से गिरने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल थाना नॉर्थ एवेन्यू में आई थी।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को करीब 20 साल की युवती का शव ग्राउंड फ्लोर पर पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह यमुना अपार्टमेंट की छत से कूद गई थी। उसका बैग, जूते और मोबाइल फोन छत पर पाए गए थे। मृतका की पहचान आयुषी पुत्री राजेश कुमार निवासी झुग्गी नंबर 3, धोबी घाट ताल कटोरा रोड, नई दिल्ली के रूप में हुई।

क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है और मृतक के माता-पिता के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस को अपार्टमेंट का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ है, जिसमें युवती बिल्डिंग के अंदर और छत पर अकेली जाती दिखाई दे रही है।

शव का राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया है। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) विशेषज्ञ टीम ने भी मौके का मुआयना किया है। इस संबंध में धारा 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। युवती के माता-पिता किसी पर कोई संदेह नहीं जताया गया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## संपादकीय

# यदि सचमुच 2024 का चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल हो गया तो क्या होगा?

अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने मुख्यमंत्री बनाया लेकिन वह तो प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखते हैं इसलिए दिल्ली की जनता से मिली जिम्मेदारियों को निभाने के प्रति उनका पूरा ध्यान ही नहीं है। केजरीवाल से अगर आपको मिलना है तो दिल्ली की बजाय गुजरात या हिमाचल प्रदेश जाकर मिलना होगा क्योंकि आजकल वह इन्हीं राज्यों में ज्यादा पाये जाते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि केजरीवाल ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने पास एक भी विभाग नहीं रखा है। उन्होंने अपने डिप्टी मनीष सिसोदिया को 18 विभागों की जिम्मेदारी सौंपी हुई है। केजरीवाल ने यह सब इसलिए किया है ताकि उनका ध्यान आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने में लगा रहे और दिल्ली की सफलता का ढिंढोरा पीट-पीट कर वह अपने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को मजबूत कर सकें। आप एक बात पर ध्यान दीजिये। केजरीवाल दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सफलता का जो ढिंढोरा पीट रहे हैं यदि उसे सही मान भी लिया जाये तो शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया हैं और स्वास्थ्य मंत्री हाल तक सत्येंद्र जैन रहे हैं। केजरीवाल ने खुद किस विभाग का कायापलट किया है इसके बारे में भी उन्हें जनता को बताना चाहिए। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य यदि दिल्ली सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं तो राज्य सरकार को यह भी बताना चाहिए कि उसके कार्यकाल में कितने स्कूल खोले गये और कितने नये अस्पताल बनाये गये। दिल्ली में शराब की दुकानों को बढ़ाने में रुचि दिखाने वाली केजरीवाल सरकार को यह भी बताना चाहिए कि उसने कितने नये शिक्षकों की भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुधारा है? बहरहाल, भाजपा की ओर से हाल ही में ऐलान कर दिया गया है कि 2024 में भी उनकी तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ही होंगे। नरेंद्र मोदी के मुकाबले में कौन होगा यह कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल अभी तक तय नहीं कर पाये हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं ने साफ कर दिया है कि 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होगा। पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ऐलान किया कि 2024 का चुनाव भाजपा बनाम आम आदमी पार्टी होगा तो उसके दूसरे दिन दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा कर दिया कि 2024 का लोकसभा चुनाव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बनाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को डराने के लिए सभी हथकंडे आजमा रहे हैं इसलिए सीबीआई के छापे पड़वाये जा रहे हैं। जहां तक केजरीवाल और मोदी की भिड़ंत की बात है तो केजरीवाल 2014 में भी प्रधानमंत्री पद का ख्वाब देख रहे थे और इसीलिए उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री का पद छोड़कर वाराणसी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ा था। परिणाम क्या रहा यह सभी जानते हैं। यही नहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी के पक्ष में वोट डालने के लिए दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए केजरीवाल ने कहा था कि इस छोटे चुनाव में हमें वोट दे दीजिये बड़े चुनाव में आप मोदी जी को वोट दे देना। वैसे कई बार लगता है कि 2014 और 2019 में राहुल गांधी से मुकाबला कर चुके मोदी भी इस बार चाहते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनावों में केजरीवाल से मुकाबला किया जाये। इसलिए वह कांग्रेस के परिवारवाद के साथ ही आम आदमी पार्टी की ओर से बढ़ावा दिये जा रहे रेवड़ी कल्चर के खिलाफ लगातार बोल रहे हैं। दूसरी ओर, जहां केजरीवाल खुद को प्रधानमंत्री की रेस में मान रहे हैं तो दूसरे नेता भी अपने नाम को आगे करवाने में लग गये हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उभरने की चर्चा के बीच, उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने कहा है कि अगर अन्य दल चाहें तो नीतीश कुमार एक विकल्प हो सकते हैं। जद (यू) अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार का मुख्य ध्यान 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने पर है। यानि नीतीश अब पटना की बजाय दिल्ली पर पूरा ध्यान लगाना चाहते हैं।

# राष्ट्रीय एकता एक गंभीर मुद्दा, शक्तिशाली राष्ट्र की सर्वकालीन प्रासंगिक आधारशिला

भारतवर्ष स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। हमें इसकी ऊर्जा, शक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बलवती बनाए रखकर इसके जज्बे को अनंत काल तक अक्षुण रखना होगा। राष्ट्रीय एकता अथवा राष्ट्रीयता किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की संश्लिष्ट आत्मा होती है। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने बहुत ही महत्वपूर्ण शब्द राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में कहे थे कि हम जब-जब असंगठित हुए हैं, हमें आर्थिक व राजनीतिक रूप से की कीमत चुकानी पड़ी है, हमारे विचारों में जब जब संकीर्णता आई आपस में झगड़े हुए हमने जब भी नए विचारों से अपना मुख मोड़ा, हमें सदैव हानि ही हुई, हम विदेशी शासन के अधीन हो गए द्य यह एक विराट सत्य है कि राष्ट्रीय एकता सशक्त और समुद्र समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला होती है और राष्ट्रीय एकता छिन्न-भिन्न होने से किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता स्वतंत्र नहीं रह पातीद्य राष्ट्र के विभिन्न घटकों में वैचारिक और आस्था का समानता होने के बावजूद राष्ट्र में एकता प्रेम तथा भाईचारे का कायम रहना अत्यंत समीचीन हैद्य आज जब भारत देश आक्रांता चीन पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से अपने हाथ दो,चार कर रहा है, देश के अंदर किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी आंदोलन, और जगह-जगह वैचारिक मतभेद देश के विकास एवं शांति के लिए लिए एक बड़ा व्यवधान बने थे, ऐसे में देशवासियों को एकजुट होकर देश की मुख्यधारा का शांति और अमन के लिए साथ देना चाहिए। भारत में कई धर्मों जातियों के लोग रहते हैं, जिनके रहन-सहन एवं आस्था में अंतर तो है ही, साथ ही उनकी भाषाएं भी अलग-अलग हैं। अलग अलग होने के बावजूद पूरे भारतवर्ष के लोग भारतीयता की जिस भावना से ओतप्रोत होकर एक साथ रहते हैं ऐसी एकता को विश्व भर में सर्वोत्तम राष्ट्रीय एकता का उदाहरण कहा जा सकता है। हमारी राष्ट्रीय एकता के फल स्वरुप ही जब भी हमारी एकता को खंडित करने का प्रयास किया गया, भारत का एक-एक नागरिक सजग और सचेत होकर एशिया सामाजिक शक्तियों के विरुद्ध सदैव खड़ा दिखाई दिया है। गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर कहते हैं कि भारत की एकता तथा चेतना समय की कसौटी पर सही सिद्ध हुई है। आज देश की राष्ट्रीय एकता को सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद से है। आतंकवाद में सिर्फ हमारे देश की बल्कि पूरे विश्व की शांति को बड़ा खतरा है। विगत दशकों में आतंकवादी कभी मुंबई, कभी दिल्ली, कभी जम्मू कश्मीर को अपना निशाना बनाकर अशांति फैलाने का प्रयास करते हैं और देश के कई राज्यों में अपार आर्थिक तथा जनहानि पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त देश में अलगाववादी तत्वों ने भी देश की एकता को बहुत नुकसान पहुंचाया है, राष्ट्रीय एकता में बाधक अनेक शक्तियों में अल गाव की राजनीति भी एक है, जहां के राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीज बोते हैं कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों के देश की मुख्यधारा से अलग करते हैं तो कभी विशेष जाति प्रांतीय भाषा के हिमायती बन कर देश की राष्ट्रीय एकता को खंडित करने की कोशिश करते हैं। आज जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा फिर से स्थापित करने की मांग हो, खालिस्तानी समर्थकों की मांग हो या वोट बैंक की राजनीति इन सब के पीछे दिखाई देती है। इस देश के हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी परस्पर प्रेम से रहना चाहते हैं लेकिन अलगाववादी राजनेता इनमें विवाद पैदा कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। इन समस्याओं के समाधान का जिम्मा या उत्तरदायित्व मात्र शासन पर बैठे राजनेताओं अथवा प्रशासनिक अधिकारियों का ही नहीं है, इन सब के लिए आम जनता को भी मिलजुल कर खुलकर प्रयास करना होगा। आज कभी देशवासी मंदिर, मस्जिद को लेकर झगड़ पडते हैं तो कभी हिंदी और अंग्रेजी को लेकर, तो कभी असम, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में राज्य के निवासियों को भगाया जाता है,तो कभी एक ही धर्म के लोग जात-पात की बातों पर उलझ पड़ते हैं।

# बाबा रामदेव : अपने घर शीशे के और दूसरों के घरों पर पत्थर ?



तनवीर जाफ़री

पतंजलि समूह के कर्ता धर्ता बाबा रामदेव देश की एक अनोखी व अभूतपूर्व शख़्सियत हैं। पहले गेरुआ वस्त्र धारण कर योग गुरु के रूप में अपनी पहचान बनाई। फिर योग के बहाने अपने अनुयायियों में आयुर्वेद और स्वदेशी पर प्रवचन देना शुरू किया ,इसी माध्यम से उन्होंने अपने लाखों अनुयायी तैय्यार कर उन्हें भावनात्मक रूप से स्वदेशी उत्पाद ख़रीदने के लिये प्रोत्साहित किया। और बाद में पतञ्जलि समूह गठित कर आयुर्वेद दवाइयों का कारोबार शुरू किया और धीरे धीरे खाद्य कृषि-शोध व स्वास्थ्य से लेकर Farmers producer organisations तक तैयार कर दिये। ख़बरों के अनुसार बाबा जी के 17 टी वी चैनल भी चलते हैं।

बताया जाता है कि इस समय पतंजलि समूह का कारोबार करीब 35 हज़ार करोड़ रुपए का है। पतंजलि समूह को देश की दूसरी सबसे बड़ी स्न्नस्न्नष्ट कंपनी भी बताया जा रहा है।यह भी कहा जाता है कि इस समय पतंजलि समुह लगभग सभी व्यवसायिक क्षेत्र में अपने पैर पसार चुका है या इसकी कोशिश में लगा है। जहां तक बाबा रामदेव की संपत्ति का प्रश्न है तो पतंजलि आयुर्वेद का स्वामित्व बाबा रामदेव के पास होने के बजाये उनके परम सहयोगी व पतंजलि आयुर्वेद के सीईओ आचार्य बालकृष्ण के पास है। बालकृष्ण के पास कंपनी का लगभग 98.5 फीसदी शेयर है। इस तरह आचार्य बालकृष्ण की संपत्ति अनुमानतः 2.5 बिलियन डॉलर है। मज़े की बात तो यह है कि बाबा रामदेव की संपत्ति शून्य है। बाबा रामदेव ने स्वयं बता चुके हैं कि पतंजलि समूह का पूरा कारोबार करीब 35 हजार करोड़ रुपए का है परन्तु रामदेव ने जितना अधिक और जितनी तेज़ी से अपने व्यवसाय का विस्तार किया उतना ही अधिक वे विवादों में भी घिरे रहे हैं। उनके व उनके व्यवसायिक पतंजलि समूह के विवादों में घिरने के अलग अलग कारण रहे हैं।

कभी वे अपने बड़बोलेपन के कारण विवादों से घिरे कभी नेताओं की तरह अपने अनुयायियों को झूठे सस्ता डीज़ल पेट्रोल दिलाने जैसे झूठे सपने दिखाकर,कभी फटी जीन जैसे पहनावे को बुरा बताकर और बाद में वही फटी जीन ख़ुद बेचते हुए,कभी कोरोना से बचाव की दवा बनाने का दावा करते हुये तो कभी अपने उत्पाद को एलोपैथी दवाईयों से अधिक कारगर बताते हुये।

अनेक बार उनके कई ऐसे उत्पाद भी संदिग्ध हो चुके हैं और गुणवत्ता के मापदंड पर फ़ेल या जांच के दौरान अशुद्ध या मिलावटी भी साबित हो चुके हैं जिन्हें वे शुद्ध व स्वदेशी बताते रहे हैं। परन्तु प्रायः यही देखा गया है कि जब वे अपने उत्पाद का गुणगान करते हैं तो साथ ही उसके समान चल रहे दूसरे प्रचलित उत्पाद में कमियां ज़रूर निकालते हैं। और अपने इस




व्यवसायिक रवैय्ये के लिये उन्हें कई बार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन IMA से लेकर WHO विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधियों यहाँ तक कि अदालतों तक की झिड़कियां भी सुननी पड़ी हैं।

रामदेवअपने सार्वजनिक भाषणों में जहां पतंजलि निर्मित कोरोनिल नामक से कोविड-19 का इलाज करने का दावा करते रहे हैं वहीं साथ साथ वे कोरोना वायरस संक्रमण के को नियंत्रित रखने वाली वैक्सीन को भी प्रभावहीन बताते रहे हैं। वे आयुर्वेद चिकित्सा को एलोपैथी चिकित्सा से अधिक प्रभावी भी बता चुके हैं।

पिछले दिनों एक बार फिर बाबा रामदेव ने एलोपैथी के प्रति अपने दुराग्रह को ज़ाहिर करते हुए इसके विरुद्ध जहर उगला। पिछले दिनों जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कोविड संक्रमण का शिकार हुये तो रामदेव ने कहा कि तीन बार वैक्सीन की डोज लेने के बावजूद बाइडेन का संक्रमित हो जाना एलोपैथी की नाकामी का सुबूत है।

उन्होंने इसे मेडिकल साइंस की विफलता क़रार दिया। इस बार भी अदालत बाबा दिल्ली उच्च न्यायलय ने रामदेव को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि किसी को भी एलोपैथी के विरुद्ध गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। उच्च न्यायलय ने योग गुरु से कहा कि उन्हें 'तथ्यों से इतर' कुछ भी बोलकर जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए।

कोविड-19 के इलाज के लिए पतंजलि कंपनी द्वारा विकसित कोरोनिल के संबंध में कथित रूप से गलत सूचनाएं फैलाने को लेकर डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों द्वारा योग गुरु के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अनूप जयराम भम्भानी ने कहा कि उनकी चिंता भी प्राचीन औषधि विज्ञान आयुर्वेद के सम्मान को बचाए रखने की है। गत वर्ष विभिन्न संगठनों ने उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर करके रामदेव पर आरोप लगाया था कि वह जनता को गुमराह कर रहे हैं कि कोरोना वायरस संक्रमण से होने वाली ज्यादातर मौतों के लिए एलोपैथी जिम्मेदार है और साथ ही वे यह भी दावा कर रहे हैं कि कोरोनिल से कोविड-19 का इलाज किया जा सकता है।

पिछले ही दिनों एक बार फिर पतंजलि ब्रांड का गाय के घी का सैंपल जोकि उत्तराखंड के टिहरी की एक दुकान से लिया गया था,खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग की जांच में फेल हो गया है।

घी के नमूने की प्रयोगशाला में की गयी जांच की रिपोर्ट के अनुसार पतंजलि घी में मिलावट की गई थी और पतंजलि ब्रांड का गाय का का घी मानकों के अनुरूप नहीं था जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। परन्तु पतंजलि ने इस रिपोर्ट को मानने से इंकार करते हुये राज्य की लैबोरेट्री की रिपोर्ट को ही ग़लत बता डाला। उसके बाद खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग ने घी का नमूना एक बार फिर जांच के लिये केंद्र की प्रयोगशाला में भेजा। पतंजलि ब्रांड का यह घी केंद्रीय प्रयोगशाला में भी फेल हो गया। घी के अतिरिक्त चावल के सैंपल की भी रिपोर्ट भी फेल हो चुके हैं। चार धाम यात्रा में चंबा-धरासू राजमार्ग पर स्थित सेलू पानी में एक होटल से पतंजलि द्वारा बेचे जा रहे खाने के चावल का नमूना लिया गया। इस चावल के सैंपल की भी रिपोर्ट फेल पाई गई है। चावल में बड़ी मात्रा में कीटनाशक मिलने की पुष्टि हुई। जोकि उपभोक्ता के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।

दरअसल रामदेव व उनके सहयोगी बालकृष्ण अपने द्वारा संचालित टी वी चैनल्स के अतिरिक्त अन्य प्रमुख टी वी चैनल्स पर भी अपने विभिन्न उत्पादों के भ्रामक विज्ञापन देकर अपने अनुयायियों सहित देश की आम जनता को भी गुमराह कर अपना व्यवसाय बढ़ाने में माहिर हैं। उनकी कंपनी छोड़ चुके अनेक कर्मचारी उनके उत्पाद और उनके व्यवसाय की हक़ीक़त को उजागर करते रहे चुके हैं। परन्तु सत्ता के रहम-ो-करम पर नक़ली,मिलावटी व विषाक्त पदार्थों के उत्पादन लिये न तो रामदेव की कंपनी के विरुद्ध कोई कार्रवाई की जा रही है न ही उनकी बेलगाम वाणी पर नियंत्रण पाया जा रहा है।

शायद यही वजह है कि उनके अपने घर शीशे के होने के बावजूद उनका दूसरों के घरों पर पत्थर फेंकने का सिलसिला बदस्तूर जारी है ?

# 'त्यागी समाज' के आक्रोश की अनदेखी भाजपा को पड़ सकती है भारी

दीपक कुमार त्यागी

अब यह मुद्दा सर्वसमाज के बहुत सारे लोगों लिए श्रीकांत त्यागी की पत्नी-बच्चों व मामा-मामी के सम्मान और राजनीतिक दबाव में जेल भेजे गये लोगों के हक व मुकदमा निरस्त करवाने की लड़ाई का बन गया है।

देश की आज़ादी से लेकर नव निर्माण तक में बुद्धिजीवी, बेहद मेहनती, देशभक्त व स्वाभिमानी त्यागी समाज के सम्मानित लोगों का अपना एक अनमोल योगदान हमेशा से रहा है। त्यागी समाज के बहुत सारे महापुरुषों ने निस्वार्थ भाव से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लालबहादुर शास्त्री आदि जैसे दिग्गज लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश निर्माण के लिए कार्य किया था। मां भारती की सेवा में अपने प्राण को न्यौछावर करने के लिए मेजर आशाराम त्यागी जैसे वीर योद्धा हमेशा तत्पर रहे हैं, समाज के लोगों ने हमेशा निस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा करने का कार्य हर तरह की अच्छी या बुरी परिस्थितियों में किया है।

देश में चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो, त्यागी समाज के लोगों ने हमेशा ओछी राजनीति से दूर रहकर हर वक्त देश व समाज के हित में सोचते हुए कार्य करने में विश्वास रखा है। उन्होंने देश व समाज हित में जाति-धर्म के बंधन को तोड़ते हुए समाज के सभी लोगों को एकजुट करके कार्य करने में विश्वास रखा है। लेकिन जिस तरह से नोएडा में घटित एक आपसी विवाद की घटना पर देश के कुछ राजनीतिक दलों के चंद बड़े राजनेताओं व चंद मीडिया घरानों विशेषकर के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जातिवाद के बेहद घातक जहर को फैलाते हुए पूरे %त्यागी समाज% को अपमानित करते हुए अपने निशाने पर ले लिया है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्रीकांत त्यागी के प्रकरण के बाद से बेहद सभ्य व देशभक्त त्यागी समाज के सभी लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करके कुछ लोगों के द्वारा जानबूझकर बहुत पीड़ा पहुंचाने का निंदनीय कार्य किया गया है। हालात देखकर लगता है कि देश के कुछ राजनेताओं व चंद मीडिया घरानों ने टीआरपी के लालच, क्षणिक स्वार्थ व ओछी राजनीति के लिए श्रीकांत त्यागी के आपसी विवाद की एक घटना के द्वारा पूरे सम्मानित त्यागी समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का दुस्साहस किया है, जिसके चलते धरातल पर त्यागी समा% के लोगों के साथ-साथ अब देश के सर्वसमाज के लोगों में भी बेहद जबरदस्त ढंग से दिन प्रतिदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते सर्वसमाज के लोग अब इस प्रकरण पर बहुत तेजी से एकजुट होते जा रहे हैं। वहीं रही-सही कसर बकरी को हाथी बना देने वाली पुलिस ने श्रीकांत त्यागी की निर्दोष पत्नी, उसके छोटे-छोटे से बच्चों व मामा-मामी के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करके पूरी कर दी है। वैसे तो श्रीकांत त्यागी विवाद के इस प्रकरण पर अधिकांश लोगों का यह मानना है कि जिस विवाद को पुलिस का संबंधित चौकी इंचार्ज भी बहुत आसानी से तुरंत सुलझा सकता था, उस विवाद को उत्तर प्रदेश के पुलिस-प्रशासन के बेहद शीर्ष अधिकारियों ने गैर जरूरी हस्तक्षेप व राजनीतिक दबाव में आने के चलते बहुत ज्यादा ही उलझा कर राई का पहाड़ बना दिया है।

आपसी विवाद के मामले को तिल का ताड़ बनता देखकर अब तो आम लोग श्रीकांत त्यागी के प्रकरण में पुलिस-प्रशासन की कार्यवाही देखकर व्यंग्य कर रहे हैं कि ऐसा लगता है कि जैसे कि श्रीकांत त्यागी नाम का कोई एक व्यक्ति देश-दुनिया का एक सबसे बड़ा और बेहद कुख्यात वांछित आतंकवादी है, जिसका एक पल भी खुलेआम घूमना हमारे देश व समाज के लिए बेहद घातक है। हालांकि सूत्रों के अनुसार कभी इस पुलिस-प्रशासन के चंद लोग, देश व उत्तर प्रदेश के चंद प्रमुख राजनेता जब श्रीकांत त्यागी की धन-दौलत, गाड़ी घोड़े व अन्य सभी सुख-सुविधाओं का आये दिन आनंद ले रहे थे, तब उन लोगों को श्रीकांत त्यागी में कोई कमी नज़र नहीं आ रही थी।

# भारत के यह हैं सबसे सुरक्षित बीच

मिताली जैन

शांत नीला पानी, मुलायम सफेद रेत और हरी-भरी हरियाली कर्नाटक के पदुबिद्री समुद्र तट को दुनिया के सबसे अच्छे समुद्र तटों में से एक बनाती है। समुद्र तट उडिपी में बसा हुआ है और यह बेहद ही साफ है। यह भीड़ से बहुत दूर है और आप यहां बैठकर लहरों का आनंद ले सकते हैं।

बीच पर घूमना अधिकतर लोगों को पसंद आता है। इसलिए अक्सर लोग अपना हॉलिडे बीच साइड पर प्लॉन करते हैं। जब आप बीच पर घूमने जाएं और वहां पर स्विमिंग ना करें, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। आमतौर पर, बीच पर जाते समय महिलाएं बिकिनी पहनने को प्राथमिकता देती हैं। लेकिन अगर बात भारत की हो तो यहां पर महिलाओं की सुरक्षा यकीनन एक बड़ा मुद्दा है और इसलिए महिलाएं बीच पर भी बिकिनी पहनने से बचती हैं। हालांकि, अब आपको ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। आज इस लेख में हम आपको भारत स्थित कुछ ऐसे बीचेस के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत अधिक सुरक्षित माने गए हैं और इसलिए महिलाएं यहां पर बिना किसी झिझक के बिकिनी पहन सकती हैं-

रुक्मिणी मंदिर के उत्तर में लगभग 15 मिनट की दूरी पर, यह रमणीय समुद्र तट साफ नीले पानी और नरम रेत के साथ स्थित है। यह एक लाइटहाउस और एक चट्टानी तट के बीच में स्थित है। समुद्र तट पर पहुंचना काफी आसान है। मुद्र तट में पेयजल से लेकर फर्स्ट एड व शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। इसकी गिनती भारत के सुरक्षित समुद्र तटों में होती है। यह इको-बीच भारत में एकांत समुद्र तटों में से एक है, जिसमें आकर्षक कैसुरीना वृक्षारोपण हैं। यहां पर आपको एक अजीब सी शांति का अहसास होगा। इसमें एक लाइटहाउस भी है, साथ ही नौका विहार और चिल्ड्रन पार्क जैसी अन्य सुविधाएं भी हैं। जब आप यहां होते हैं, तो आप पास के मछली पकड़ने के बंदरगाह पर भी जा सकते हैं। यहां पर घूमना और बिकिनी पहनकर बीच पर स्विमिंग करने का अपना एक अलग ही आनंद है।

# राजनीति : ऐ बाबू , ये तो पब्लिक है सब जानती है, ये तो पब्लिक है



आदिअनादि काल से ही भारत और भारतमाता की गोद में जन्मे हर मनीषी जीवों के भाव परोपकारी और सेवाभावी रहे हैं। हम सेवाकार्य करने के विश्वास रखते हैं और यह सेवाकार्य अनेक क्षेत्रों में आज भी जारी है। अखंड भारत में राजा प्रजा की प्रथा में भी प्रजा की सेवा को सर्वाधिक माना जाता था। वर्ष 1947 में भारत की आजादी के बाद यहां लोकतांत्रिक प्रथा स्थापित हुई और भारत का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था, जिसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जीता था, एक राजनीतिक दल जो 1977 तक बाद के चुनावों पर हावी रहा, जब स्वतंत्र भारत में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। साथियों बात अगर हम राजनीति की करें तो, राजनीति दो शब्दों का एक समूह है राज+नीति। (राज मतलब शासन और नीति मतलब उचित समय और उचित स्थान पर उचित कार्य करने की कला) अर्थात् नीति विशेष के द्वारा शासन करना या विशेष उद्देश्य को प्राप्त करना राजनीति कहलाती है। दूसरे शब्दों में कहें तो जनता के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर (सार्वजनिक जीवन स्तर) को ऊँचा करना राजनीति है।

साथियों बाद अगर हम भारतीय लोकतंत्र और सरकार की करें तो, संविधान के अनुसार,भारत एक प्रधान,समाजवादी, धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक राज्य है, जहां पर विधायिका जनता के द्वारा चुनी जाती है। अमेरिका की तरह, भारत में भी संयुक्त सरकार होती है, लेकिन भारत में केन्द्र सरकार राज्य सरकारों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है, जो कि ब्रिटेन की संसदीय प्रणाली पर आधारित है। बहुमत की स्थिति में न होने पर मुख्यमंत्री न बना पाने की दशा में अथवा विशेष संवैधानिक परिस्थिति के अंतर्गत, केन्द्र सरकार राज्य सरकार को निष्कासित कर सकती है और सीधे संयुक्त शासन लागू कर सकती है, जिसे राष्ट्रपति शासन कहा जाता है। भारत की पूरी राजनीती मंत्रियों के द्वारा निर्धारित होती है। भारत एक लोकतांत्रिक, धार्मिक और सामुदायिक देश है। जहां युवाओं में चुनाव का बढ़ा वोट केंद्र भारतीय राजनीति में बना रहता है यहां चुनाव को लोकतांत्रिक पर्व की तरह बनाया जाता है। भारत में राजनीतिक राज्य में नीति करने की तरह है। साथियों बात अगर हम जनप्रतिनिधियों के पक्ष की वेकन्सी की करें तो, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, ग्राम सभा या स्थानीय निकायों में जनप्रतिनिधियों के कितने पद होते हैं, लोकसभा (545) और राज्यसभा (245) मिलाकर 790 (इनमें से 14 मनोनीत), विभिन्न राज्यों के लिए विधायक (एमएलए), विधान परिषद (एमएलसी) के 4574 से भी ज्यादा और ग्राम सभा या स्थानीय निकायों में प्रधानी (मुखिया), वार्ड पार्षद, जिला परिषद, नगर निगम/परिषद के देशभर में लाखों पद हैं। अगर इन पदों पर शिक्षित, प्रशिक्षित, नैतिकवान और सेवाभाव रखने वाले युवा जाएं तो निश्चित ही देश, राज्य और पंचायत की स्थिति बदलेगी। साथियों बात अगर हम राजनीति की संभावनाओं और आंकड़ों के खेल की करें तो हमने वर्ष 2019 में महाराष्ट्र में इसका खेला!! देखें कि किस तरह आधी रात में सरकार बनी फिर इस्तीफा!! फिर अन्य दलों की मिलकर सरकार बनी और फिर अभी पिछले महीने में आंकड़ों का खेला!! और फिर एक नई सरकार बनी। इसी तरह बिहार में चुनाव हुए, आंकड़ों का खेला!! सरकार बनी, इस्तीफा!! और फिर अब कुछ दिन पूर्व नई सरकार बनी, सब आंकड़ों का खेला!! उसी तरह दो सालों से हम देख रहे हैं कि किस तरह पीएम पद के बनाम में किस तरह एकजुटता!, बिखराव!! सामंजस्य!!! फ़िर टूटना, फिर सीएम का 2024 के पीएम पद के लिए नाम चलना हो रहा है!! अभी वह चर्चा आगे चल पाती इस बीच वर्तमान में ही कल से जनता देख रही है सीबीआई की रेड के बाद फिर पीएम पद के दावेदार नए नाम की बात आ गई है और सशक्त उम्मीदवार बताकर चर्चाएं हर प्रेस कॉन्फ्रेंस में की जा रही है और कोई दूर से देख कर 1974 में आई फिल्म रोटी का यह गाना कह रहा है रहा है, ऐ बाबू, ये तो पब्लिक है यह सब जानती है ये तो पब्लिक है, अजी अंदर क्या है, अजी बाहर क्या है ये सब कुछ पहचानती है ये पब्लिक है ये सब कुछ जानती है।

साथियों बात अगर हम अपने बचपन में सुनी राजनीति, जवाबदारी और राजनीतिक सेवा भाव की करें तो, लाल बहादुर शास्त्री ने रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। 1956 में महबूबनगर रेल हादसे में 112 लोगों की मौत हुई थी।

इस पर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया। इसे तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू ने स्वीकार नहीं किया। तीन महीने बाद ही अरियालूर रेल दुर्घटना में 114 लोग मारे गए। उन्होंने फिर इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफा स्वीकारते हुए संसद में कहा था कि वह इस्तीफा इसलिए स्वीकार कर रहे हैं कि यह एक नज़ीर बने। इसलिए नहीं कि हादसे के लिए किसी भी रूप में शास्त्री जिम्मेदार हैं।

साथिया बात अगर हम जनता के मन की करें तो जनता अपेक्षा करती है कि, चुनाव के समय कोई पार्टी जनता के बीच रही है, तो उसे व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए और सही मुद्दों के साथ चुनावी मैदान में उतरना चाहिए। वो मुद्दे जिसका सीधा संबंध जनता से है, जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था आदि। अगर आप सत्तारुढ़ पार्टी का सही विकल्प बनने के लिए जनता को समझाने में कामयाब रहते हैं तो जनता आपको जरूर वोट देगी। क्योंकि जनता को असल मुद्दों से मतलब हैं मनोरंजन से नहीं। वादा किया है तो उसे निभाना होगा साथियों यह तो नहीं कहा जा सकता कि किसी भी पार्टी ने अपनी सरकार में सभी वादों को पूरा किया है, लेकिन कुछ पार्टियों ने अधिकतम वादों को पूरा करके उन्होंने जनता के बीचलोकप्रियता हासिल की है। जैसे यूपी में सरकार ने कुछ हद तक कानून व्यवस्था को ठीक किया है तथा राज्य की जनता के लिए कई लोक कल्याणकारी स्कीम चलाई, तो वहीं एक पार्टीपार्टी ने दिल्ली के लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करके इसी मॉडल का पंजाब में खूब प्रचार किया और जनता से भरोसा हासिल किया।

# हम फरिश्ते से हो जाएं!

हम फरिश्ते से हो जाएं!

फरिश्तों की तलाश क्यों आसमान में,
फरिश्ते तो है इसी जहान में,
जो भी मानवता भलाई के कार्य करें,
वह भी तो फरिश्तों सा ही महान है।

क्यों हम फरिश्तों को निकले ढूंढने,
क्यों ना हम खुद ही एक फरिश्ता बने,
नेकी, प्रेम और अच्छाई के साथ,
निकल जाए हम भी फरिश्ता बनने।

निगाहों में चमक फरिश्तों सी हो,
कर्मों में दमक फरिश्तों सी हो,
आसानी से नहीं मिलते हैं फरिश्ते,
स्वयं में बनने की ललक फरिश्ते सी हो।

सम्मान, समान और इमानदारी,
ज्ञानी, दयावान एवं जानकारी,
इन गुणों को हृदय से अपनाएं
करें आज से ही एक फरिश्ता बनने की तैयारी।।

## शार्ट न्यूज

### पेपर दिखाने के बहाने होटल में बुलाया, फिर चाकू दिखाकर किया रेप

प्रयागराज। एक प्रापर्टी डीलर ने प्रापर्टी के पेपर दिखाने के बहाने महिला को होटल में बुलाकर उसके साथ रेप कर दिया। आरोपी प्रापर्टी डीलर कौशाम्बी और महिला थरवई की रहने वाली है। महिला का कहना है कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया। शनिवार को पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज कराया। थरवई इलाके की रहने वाली महिला आयुर्वेदिक दवाइयों का काम करती है। करीब 15 दिन पहले कौशाम्बी जिले के दिया उपरहार निवासी निसार अहमद से एक जमीन के लिए संपर्क किया था। महिला ने निसार के साथ जाकर शंकरगढ़ और चित्रकूट बॉर्डर पर एक प्लॉट देखा था। उस प्रॉपर्टी को खरीदने के लिए महिला तैयार हो गई। उसने कागजात मांगे थे। शुक्रवार को निसार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के पास स्थित एक होटल में कमरा बुक कराया। महिला को पेपर दिखाने के बहाने होटल में बुलाया। आरोप है कि दूसरी मंजिल के कमरे में ले जाकर उसे चाकू दिखाकर धमकाया और कहा कि एक आदमी की हत्या कर चुका है। अगर उसकी बात नहीं मानी तो उसे भी मार देगा। महिला से रेप किया और दो घंटे तक होटल में बंधक बनाए रखा। आरोपी के जाने के बाद महिला शुक्रवार रात सिविल लाइंस थाने पहुंची और आपबीती सुनाई। पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया।

### लखनऊ में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी मोबाइल का नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अब पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। सिटी के पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर के मुताबिक पुलिसकर्मी अपना काम छोड़कर मोबाइल चलाने लगे रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि पुलिसकर्मी अपना काम छोड़कर तस्वीर क्लिक करने में लगे कहते हैं। पुलिस कमीश्नर के मुताबिक विधान भवन, सचिवालय, सीएम आवास, हाईकोर्ट, लोकभवन, अन्य महत्वपूर्ण कोर्ट और वीवीआईपी समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को आदेश दिया गया कि वे अपनी ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल न करें। इससे कोई अनहोनी घटना घट सकती है। पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर को शिकायत मिली थी कि कई पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान गेम या अन्य गतिविधियों में व्यस्त करते हैं। कमिश्नर के मुताबिक अब आगे से अगर पुलिसकर्मी गेम खेलते या मोबाइल पर किसी अन्य गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को अपना फोन सहकर्मी के पास जमा करेंगे। जिससे किसी आवश्यक कॉल या मैसेज आने पर जानकारी दी जा सके। पुलिसकर्मियों को ये भी निर्देश दिया गया है कि इसे लेकर आकस्मिक चेंकिंग भी की जाएगी।

### लखनऊ में 20 दिन बाद कम हुई कोरोना की रफ्तार, 92 नए मरीज

लखनऊ। लखनऊ में रविवार को कोरोना के 92 नए मरीज मिले हैं। लगातार 20 दिन से कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार चढ़ाव बना हुआ है। किसी दिन 150 के ऊपर किसी दिन 100 के भीतर मरीजों का आंकड़ा आ रहा है। लखनऊ समेत दूसरे शहरों में भी कोविड मरीज बढ़ रहे हैं। शासन के साथ ही स्वास्थ्य महकमा भी संजीदा है। अस्पतालों में लगातार कोविड की जांच चल रही हैं। अलीगंज, चिनहट, आलमबाग, सिल्वर जुबिली इन्दिरानगर और सरोजनीनगर में लगातार मरीज मिल रहे हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। लोगों से अपील की जा रही है। लक्षण लगने पर तुरंत कोविड जांच कराएं। बाहर निकलने पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करे।

### आगरा की बेटी ने जीता मिस एलीट वर्ल्ड का खिताब

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा शहर की युवती ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां आईएसबीटी के सामने भाग्यनगर कालोनी की मूल निवासी दीप सुप्रियम ने 36 देशों की सुन्दरियों को पीछे छोड़ते हुए मिस एलीट वर्ल्ड का खिताब जीतने में सफलता पाई है। मिस्र के पर्यटन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई मिस एलीट सौंदर्य प्रतियोगिता विश्व की पांच सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिताओं में से एक है। इसे मध्य-पूर्व के देशों और अफ्रीका की नम्बर वन सौंदर्य प्रतियोगिता का गौरव भी हासिल है। मिस्र के सोमबे रेड सी शहर में पिछले जून माह में सम्पन्न हुई इस सौंदर्य प्रतियोगिता के दौरान गोल्फ, योगा, सैशे सेरेमनी, नेशनल कॉस्ट्यूम, स्विमवियर कॉस्ट्यूम व इवनिंग गाउन राउंड के बाद सामान्य ज्ञान के सवालों के भी दो राउंड हुए। पहले राउंड के बाद दस सुन्दरियों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। सवालों के दूसरे राउंड में केवल पांच सुंदरियां जगह बना पाईं। ज्यूरी ने भारत की दीप सुप्रियम को विनर घोषित किया। फर्स्ट रनरअप फिलीपींस की शेनॉन टेम्पोन और सेकेंड रनरअप ऑस्ट्रिया की वेलेरी सिजोवा रहीं।

### महोबा : अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करके दो लोगों को भारी मात्रा में असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक आर के गौतम ने यहां बताया कि पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई कर बगवाहा गांव में एक मकान में छापा मार कर असलहा फैक्ट्री बरामद की। इसे आबादी से दूर खेतों में बने एक मकान से संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने 12 बोर की एक बंदूक, 315 बोर के तीन तमंचे, तथा एक दर्जन से ऊपर अधबने तमंचे बरामद किये है। इसके अलावा भारी मात्रा में हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एवं उपकरण भी बरामद किये गये है। गौतम ने बताया कि पुलिस के छापे में मौके पर मौजूद दो लोगों को दबोचा गया। इनमें पनवाड़ी निवासी धर्मेंद्र विश्वकर्मा और बगवाहा का बाघराज शामिल है। पुलिस ने प्रकरण में मुकदमा पंजीकृत करके दोनो को जेल भेज दिया है। इस बीच पकड़े गए व्यक्तियों ने पुलिस की पूछताछ में अवैध असलहों की सप्लाई सीमावर्ती मध्य प्रदेश के अपराधी तत्वों को किये जाने की बात स्वीकार की है। दोनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बदायूं : हाईटेंशन लाइन का तार बाइक पर गिरने से दो किसानों की मौत, बालक झुलसा

बदायूँ। उत्तर प्रदेश में जनपद बदायूँ के थाना अलापुर क्षेत्र में रविवार को बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार टूटकर बाइक पर गिरने से दो किसानों की मौत हो गयी और एक बालक बुरी तरह से झुलस गया। पुलिस ने बताया कि ककराला अलापुर मार्ग पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से वार्ड नंबर 22 के रहने बाले किसान कैसर अली (55)और साकिर अली (58) की मौत हो गयी साथ एक बालक भी बुरी तरह से झुलस गया। पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि खेत में पानी लगाने जा रहे बाइक सवारों के ऊपर हाईटेंशन लाइन गिरने से दो लोगों की मौत की सूचना संज्ञान में आने पर उन्होंने तत्काल पुलिस क्षेत्राधिकारी को मौके पर भेजा है। उनका कहना है कि परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा और जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मृतकों के परिजनों का आरोप हैं कि बिजली विभाग द्वारा 11 हजार बोल्ट की लाइनें को लकड़ी के डंडे पर खींचा गया था जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। गुस्साए लोगों नें बिजली विभाग के कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कस्बे के लोगों ने भी बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही के गम्भीर आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार लोगों ने इस लाइन को ठीक करने के लिए कहा लेकिन लाइन को ठीक करने की जगह उसकी खानापूर्ति कर दी गयी और लाइन को लकड़ी के डंडों से बांध दिया गया। आज पोल पर लगा लकड़ी का डंडा टूटने से तार गिर गया जिसकी वजह से दो लोगों की मौत गई।

# मथुरा में बनेगा 282 करोड़ रुपए की लागत से दो सीवेज प्लांट, योगी सरकार ने दी मंजूरी

**एजेंसी**



मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार यमुना नदी को दूषित होने से बचाने के लिए मथुरा में दो सीवेज प्लांट बनवाने जा रही है। सीएम योगी ने नमामि गंगे राष्ट्रीय मिशन योजना के तहत 282.42 करोड़ रुपए की लागत वाली दो सीवेज परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

सूत्रों के मुतबिक यमुना में गंदा पानी जाने से रोकने के लिय बनायी गयी इस परियोजना में 4 जगहों पर इंटरसेप्शन और डायवर्जन संरचनाएं बनाई जाएंगी। इसकी कुल लम्बाई 1.97 किलोमीटर होगी। इसके अलावा एक राइजिंग मेन लाइन भी इन नालों के लिए बनाई जाएगी, जिसकी लम्बाई 9.29 किलोमीटर होगी। वहीं, नए एसटीपी की कुल क्षमता 60 एमएलडी की होगी। इसके साथ ही 66 मिलियन लीटर रोजाना क्षमता वाला एसटीपी बनकर तैयार हो गया है जिसका उद्घाटन जल्द होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नदियों को साफ सुथरा बनाने के लिए उसमें गिर रहे सीवर और औद्योगिक कचरे के प्रवाह को रोकने के लिए उसकी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सरकार का दावा है कि इसका असर भी जल्दी ही दिखने लगेगा। प्रदेश की नदियां पिछले पांच वर्षों में साफ और अविरल हुई हैं। साथ ही कई नदियों को पुनर्जीवित किया गया है।

हाल ही में मथुरा नगर पालिका को मथुरा वृंदावन नगर निगम में अपग्रेड किया गया। जिससे शहर की सीमा का विस्तार हुआ। ऐसे में जोन तीन कोयला अलीपुर के गांव औरंगाबाद से होकर बहने वाले 3 नालों की टैपिंग की आवश्यकता को महसूस किया गया था। इसमें मथुरा जोन तीन (कोयला अलीपुर) और अंबखर ड्रेन (आंशिक रूप से) के बाकी 3 नालों का इंटरसेप्शन और डायवर्जन किया जाएगा। इसमें सीवेज पंपिंग स्टेशनों और 60 एमएलडी के नए एसटीपी का नर्माण भी शामिल है। इससे पहले शहर के करीब 20 नालों को टैप किया जा चुका है। वहीं मथुरा शहर का वस्तिार होने पर 3 बड़े नालों की टैप करने की जरूरत महसूस की गई।

#### दो सालों में बनकर होगा पूरा

यमुना में गिरने वाले प्रदूषित नालों को की दिशा दो सीवेज परियोजनाओं की कुल लागत 282.42 करोड़ रुपए है। वहीं 15 सालों के लिए ऑपरेशनल एवं मेंटिनेंस कॉस्ट 130.40 करोड़ रुपए है।

ये परियोजनाएं दो सालों में बनकर तैयार हो जाएंगी। परियोजनाओं की निगरानी के लिए यूपी जल निगम को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि तय समय में काम पूरा हो सके। इस परियोजना के पूरा होने से यमुना नदी में गिरने वाले प्रदूषित नालों को डायवर्ट किया जा सकेगा।

जानकारों की मानें तो परियोजना का केवल एसटीपी के निर्माण के साथ प्रदूषित नालों का डायवर्जन पर फोकस है। परियोजना पूरी तरह से हाइब्रिड एन्यूटी (एचएएम) आधारित पीपीपी मोड पर आधारित होगी। मालूम हो कि शहर का सीवेज नालों में बहकर 3 नालों के माध्यम से यमुना नदी में जा रहा है।

नेशनल ग्रीन ट्रब्यिूनल के निर्देश के अनुसार अनुपचारित सीवेज मथुरा में यमुना नदी में प्रवाहित नहीं हो सकता है, इसलिए शहर में 4 नाले के साथ-साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए इंटरसेप्शन और डायवर्जन सस्टिम उपलब्ध कराना जरूरी है। इंटरसेप्शन और डायवर्जन खुले नालों के माध्यम से नदी में बहने वाले कच्चे सीवेज को पकड़ने और उन्हें उपचार के लिए डायवर्ट करने का काम करता है।

## कल्याण के कार्यकाल में पड़ी सुशासन की नींव आज समग्र विकास का आधार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान सुशासन की जो पुख्ता नींव डाली थी, वह आज प्रदेश के समग्र विकास का आधार बन रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की प्रथम पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट के ऑपरेशन थिएटर ब्लॉक का लोकार्पण करने के मौके पर श्री योगी ने रविवार को कहा कि 'प्रत्यक्षम् किम् प्रमाणम्' का ध्येय वाक्य व्यक्ति की योग्यता का मानक उसकी कर्तव्यनिष्ठा को इंगित करता है। जब मानवता किसी संकट से गुजरती है, उस समय तत्परता से मानवता की रक्षा करना ही योग्यता की कसौटी माना जाता है। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान प्रदेश ने अपनी क्षमताओं को साबित किया जिसकी बदौलत बेहतरीन कोविड प्रबन्धन का कार्य देखने को मिला है। उन्होने कहा कि प्रदेश में कल्याण सिंह सरकार ने उस सीमित समय के दौरान ही अपनी कार्यशैली से सुशासन की पुख्ता नींव डाली। वही पुख्ता नींव आज प्रदेश के समग्र विकास का आधार बन रही है। सुशासन और लोक कल्याण का मार्ग बाबू जी (कल्याण सिंह) ने अपनी कार्य पद्धति से प्रशस्त किया था। उनके नाम के अनुरूप यह कैंसर इंस्टीट्यूट उत्तर प्रदेश व देश के नागरिकों को कैंसर से मुक्त कर कल्याण के पथ पर अग्रसर करने का कार्य करेगा। इस कैंसर इंस्टीट्यूट की वर्तमान क्षमता 734 बेड है, जिसे बढ़ाकर 1200 बेड तक किया जा सकता है। टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट के साथ संवाद स्थापित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुलन्दशहर मेडिकल कॉलेज का नामकरण बाबू जी के नाम पर किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। महापुरुषों को उनके व्यक्तित्व के अनुरूप सम्मान देने एवं धरोहर को अक्षुण्ण बनाये रखने के कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि वर्तमान पीढ़ी उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त कर सके।

### अमेठी : रिकॉर्डिंग करने से गुस्साये दरोगा ने महिला को जड़ा थप्पड़

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के गोद लिए गांव सुजानपुर में विवाद सुलझाने पहुंचे डायल 112 पर तैनात दरोगा ने महिला द्वारा रिकॉर्डिंग करने पर अपना आपा खो दिया। रिकॉर्डिंग करने की बात से तिलमिलाए दरोगा ने मदद करने के बजाय महिला को थप्पड़ मार दिया। दरोगा का खुलेआम महिला की पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह मामला उजागर हुआ। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है। अलबत्ता पुलिस अधीक्षक इला मारन ने दरोगा द्वारा महिला को थप्पड़ मारने से इंकार करते हुए कहा कि महिला पुलिस और दरोगा ने बीज बचाव किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुर गांव का है। गांव की एक महिला ने आरोप लगाया है कि एक विवाद सुलझाने के लिये डायल 112 की टीम के साथ आये दरोगा के काम करने के तरीके को मोबाइल फोन में रिकॉर्डिंग करने पर वह गुस्सा गये।

## गोरखपुर के अस्पताल में एक्सपायरी खून चढ़ाने से मरीज की हुई मौत

**परिजनों का आरोप, शिकायत करने पर डॉक्टरों ने पीटा**




गोरखपुर। गोरखपुर के एक अस्पताल द्वारा लापरवाही का मामला सामने आया है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में अस्पताल प्रशासन की लापरवाही ने एक मरीज की जान ले ली। डॉक्टरों ने मरीज को एक्सपायरी ब्लड चढ़ा दिया, जिसके कुछ घंटे बाद ही मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि एक्सपायरी ब्लड चढ़ाने से मना करने पर डॉक्टरों ने मारपीट की। मृतक कुंवार शंकर पांडेय सहजनवां थाना क्षेत्र के जाल्हेपार गांव के रहने वाले है, 15 दिन पहले एक ट्रेन हादसे में उनका पैर कट गया था। जिसके बाद उनके भाई जयशंकर पांडेय ने उन्हें गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। भाई ने बताया कि उनकी हालात में सुधार आ रहा था।

#### ड्रेसिंग के नाम पर 200 रुपए लेते थे डॉक्टर

मृतक के भाई जयशंकर पांडेय ने अस्पताल पर आरोप लगाया कि ड्रेसिंग के लिए हर दिन 500 रुपए लिए जा रहे थे। इसके अलावा ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों ने 20 हजार रुपये लिए। उनका आरोप है कि एक्सपायर ब्लड चढ़ाए जाने का विरोध करने पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने मारपीट की।

परिजनों के हंगामें के बाद मौके पर गुलरिहा थाने की पुलिस पहुंची और मरीजनों को समाझा-बुझाकर मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस के मुताबिक इस मामले की जांच की जा रही है। वहीं बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार के मुताबिक ऐसा मामला उनके संज्ञान में अभी तक नहीं आया है।

## सैफई में मेडिकल छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

**सीएम योगी ने मांगी 24 घंटे के भीतर जांच रिपोर्ट**



सैफई। यूपी के इटावा स्थित सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस प्रथम साल के छात्र संदिग्ध हालात में मौत के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस के मुताबिक पहली नजर में ये आत्मगत्या का मामला लग रहा है वही मृतक के परिजनों के मुताबिक छात्र की हत्या की गई है। इस घटना के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल छात्र की मौत की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने इटावा के डीएम से इस मामले में 24 घंटे के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है। मूल रूप से गोरखपुर जिले के ज्ञानपुरम कॉलोनी के रहने वाले शिवजी गुप्ता का बेटा हिमांशु सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के शाक्यमुनि हॉस्टल के कमरा नंबर 209 में रहकर एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। 19 वर्षीय हिमांशु शनिवार रात मैस में खाना खाने के लिए नहीं पहुंचा तो उसके दोस्तों ने कमरे का दरवाजा खुलवाने की कोशिश की।

लेकिन जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो सुरक्षा गार्ड ने काफी प्रयास के बाद दरवाजा तोड़ा। हिमांशु का शव पंखे पर चादर के बने फंदे पर लटक रहा था। जिसके बाद छात्रों ने हिमांशु को पंखे से उताकर यूनिवर्सिटी के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की प्राथमिक छानबीन में खुदकशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने पास के कमरों में रहने वाले साथी छात्रों और सहपाठियों से पूछताछ कर रही है। इस दौरान पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। सूचना मिलने पर रविवार हिमांशु की मां सैफई पहुंची।

मां सरिता के मुताबिक उनके बेटे की हत्या की गयी है। उनका तर्क था कि हिमांशु के शरीर में चोटों के निशान हैं, जिस कमरे में मेरे बेटे का शव मिला, वह पूरी तरीके से साफ सुथरा था और बेडशीट भी फोल्ड कर रखी हुई थी। जब हिमांशु की लाश इटावा मोर्चरी में पहुंचा है तो वहां पर उसके शरीर पर कई जगह घाव और खून लगा हुआ था। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने कहा कि तीन डाक्टरों के पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया गया है आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

#### अब तक तीन छात्र कर चुके हैं आत्महत्या

बेहतर इलाज के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोकप्रिय सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में एक के बाद एक संस्थान में जूनियर डाक्टरों के आत्महत्या कर लेने की घटनाओं ने यहां की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। सैफई में साल 2019 में हत्या और आत्महत्या की तीन घटनाएं हुई थी वहीं अक्टूबर 2020 में एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी।

### फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर बने थे टीचर, दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर पांच लोगों के शिक्षक बनने का मामला सामने आया है। जिले के इंटर कॉलेज में पढ़ाने वाले सभी फर्जी टीचरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के वीरा और बम्होरी सुहागी के स्कूलों में फर्जी नियुक्ति पत्र के सहारे नौकरी पाने वाली दो महिला टीचरों सहित पांच लोग शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक की सूचना के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। सभी फर्जी टीचर यूपी के आजमगढ़ के रहने वाले हैं। राजकीय बालिका हाईस्कूल वीरा की प्रिंसिपल ऊसा पाठक ने बताया कि आजमगढ़ के लक्षीरामपुर के रहने वाली अमृता कुशवाहा ने 20 जुलाई को फर्जी नियुक्ति पत्र की मदद से असिस्टेंट टीचर के रूप में ज्वाइन किया था। वहीं बम्होरी सुहागी स्थित राजकीय बालिका हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिक पूनम बौद्ध ने बताया कि आजमगढ़ की ही रहने वाली मैनावती ने भी फर्जी नियुक्ति पत्र की मदद से 27 जून को सहायक अध्यापिका के तौर पर पदभार संभाला था। जिला विद्यालय निरीक्षक को तीन और फर्जी अध्यपाकों के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने फर्जी टीचरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने गरौठा थाना क्षेत्र के खड़ौरा हाईस्कूल में पढ़ा रहे तीनों फर्जी अध्यापकों को गिरफ्तार कर लिया। यूपी पुलिस ने जब पांचों फर्जी टीचरों से पूछताछ की तो इसके मास्टरमाइंड के बारे में पता चला।

## बहराइच : तेज रफ्तार कार गिरी नहर में, पानी के बहाव बह गए व्यापारी

बहराइच। बहराइच में तेज रफ्तार कार से शनिवार रात चालक का नियंत्रण खो गया। कार नहर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में जा गिरी। कार का दरवाजा खुल जाने से कार चला रहा कारोबारी तेज प्रवाह पानी में बह कर लापता हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंचे। पयागपुर के थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय पुलिस बल के साथ पहुंच गए। रविवार को सुबह पुलिस ने कार नहर से निकलवा लिया। गोताखोर लापता कारोबारी की तलाश कर रहे थे, इस बीच पता चला कि गोंडा जिले के खरगूपुर इलाके में लाश बरामद हुई है।

पयागपुर थाने के मसड़ी चौराहा के पास शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। कार चला रहा व्यक्ति नहर में बह कर लापता हो गया। लापता युवक श्रावस्ती जनपद के गिलौला निवासी 45 वर्षीय प्रमोद कुमार मिश्रा पुत्र देवी प्रसाद अपनी कार से सेवनाहे गांव आए हुए थे। वह रात लगभग 10 बजे से वहां से अपने घर गिलौला जा रहे थे। मसड़ी चौराहे के पास पहुंचे तो मोड़ पर उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। नहर में तेज बहाव होने के कारण प्रमोद मिश्रा उसी में बह गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार बाहर निकाल लिया है।

गोताखोरों की मदद से नहर खंगाली जा रही थी। इस बीच सूचना मिली है कि नहर में बहे कारोबारी की लाश गोंडा जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र में नहर से बरामद हो गई है।

### कच्चा मकान गिरने से मलबे में दबकर वृद्ध दंपति की मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मौदहा में रविवार को लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान भराभराकर गिर गया। मकान के मलबे में दबकर एक वृद्ध दंपति की मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के रीवन गांव में अपने रिहायशी कच्चे मकान में बारे लाल (65) व उनकी पत्नी सत्ती (61) सो रहे थे, तभी तड़के कच्ची दीवार भराभराकर वृद्ध दंपति के ऊपर गिर गयी।इसकी जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मलवा हटाने में जुट गये। मलबे में दबे बारेलाल को निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उनकी पत्नी सत्ती ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम अतोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

## बलिया में नदी की लहरों में फंसकर पलटी नाव, दो लापता, चार लोगों ने तैरकर बचाई जान



बलिया। यूपी के बलिया जिले में उफनती टोंस नदी की लहरों के बीच फंसी डेंगी (छोटी नाव) रविवार की दोपहर पलट गई। घटना के वक्त नाव पर कुल छह लोग सवार थे। चार लोगों ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि दो लापता हो गये। इसकी जानकारी होते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये। नाव हादसे में सुरक्षित बचे लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस लापता लोगों की तलाश में जुट गयी।फेफना थाना क्षेत्र के दरामपुर गांव के चार चरवाहे मुन्ना यादव, अशोक यादव, धरीछन यादव व दिलीप पासवान रविवार की दोपहर दो पशु व्यापारियों बांसडीहरोड के रघुनाथ यादव तथा गड़वार थाना क्षेत्र के घोसौटी निवासी मायाशंकर यादव को दियारा में पशु दिखाने लेकर नाव से जा रहे थे। नाव बीच मझधार में पहुंची तो तेज पूरवा हवा के चलते हिलकोरे मार रही लहरों पर डगमगाने लगी। नदी की ऊंची-ऊंची लहरें नाव के अंदर तक पहुंचने लगी। नाव पर सवार लोगों में चीख-पुकार मच गयी। सवार लोगों ने नाव को सम्भालने का पूरा प्रयास किया लेकिन डेंगी पलटकर नदी में डूब गयी। बताया जाता है कि चारों चरवाहे तो तैरकर खुद की जान बचा लिए लेकिन रघुनाथ व मायाशंकर नदी के पानी में लापता हो गये। हादसे की खबर मिलते ही सीओ सिटी प्रीति त्रिपाठी, तहसीलदार सदर सदानंद सरोज, एसओ फेफना पारसनाथ सिंह आदि पहुंच गये। सुरक्षित बचे लोगों से पूछताछ के बाद तलाश में जुटी पुलिस को दो लोग नदी के दूसरी तरफ मिल गये। हालांकि छानबीन में पता चला कि वह लापता लोगों में से कोई नहीं है। नदी में गायब दोनों की बाइक भी नदी किनारे खड़ी थी। जानकारी होने के बाद उनके गांव-घर के लोग भी पहुंच गये। इस सम्बंध में सीओ सिटी का कहना है कि दो लोगों के लापता होने की बात सामने आ रही है। हवा के चलते नदी में तेज बहाव है। पानी के शांत होने के खोजबीन की जायेगी।

## मथुरा : बांके बिहारी मन्दिर की व्यवस्था में बदलाव की उठने लगी मांग

मथुरा। उत्तर प्रदेश में कृष्ण नगरी मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मन्दिर में गत शनिवार को जन्माष्टमी के पर्व पर भगदड़ मचने की दुर्घटना के बाद मन्दिर की प्रबंध समिति सहित अधिकांश सेवायतों ने भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिये मंदिर की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव करने की जरूरत पर बल दिया है।

मन्दिर की प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट के सी गौड़ ने रविवार को कहा कि दिनोंदिन बढ़ती भीड़ के मद्देनजर मन्दिर का आकार बढ़ाना जरूरी है। जिससे मन्दिर में सुलभ दर्शन हो सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि मन्दिर के पीछे जगह है, जिसका इस्तेमाल कर मंदिर प्रांगण का विस्तार किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सन 2000 में जब वह प्रबंध समिति के अध्यक्ष थे, उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी एवं वर्तमान में पीडब्लूडी विभाग के प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण ने गोस्वामियों, व्यापारियों, समाजसेवियों आदि के साथ एक बैठक की थी। इसमें यह निर्णय हुआ था कि पुलिस चौकी के सामने से मन्दिर के लिए एक चौड़ा रास्ता बनाया जाय। उस समय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष डा आनन्द किशोर गोस्वामी ने तो अपने मकान का कुछ भाग इस रास्ते के लिए देने का प्रस्ताव भी दिया था।

इतना ही नहीं मन्दिर की ओर से 40 लाख रुपये इस कार्य को करने के लिए मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को दिया गया था। उस समय आर के सिंह विकास प्राधिकरण के सचिव थे। इस योजना से खफा दो दुकानदार इसके खिलाफ उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश ले आये। उसी समय तत्कालीन जिलाधिकारी नरेन्द्र भूषण का स्थानांतरण होने के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

गौड़ ने सुझाव दिया कि बिहारी जी महराज को जगमोहन में विराजमान कर दर्शन कराए जाएं तथा गोस्वामियों को विग्रह के आगे आने की परंपरा को समाप्त किया जाय। इससे श्रद्धालुओं को शीघ्र दर्शन मिल जाएंगे और जल्दी भीड़ कम हो जाएगी। उन्होंने मंदिर के आसपास से अतिक्रमण हटाए जाने की जरूरत पर भी बल दिया। मन्दिर की प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश पाठक ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिये काशी विश्वनाथ मन्दिर की तर्ज पर बांके बिहारी मंदिर में भी कॉरीडोर बनाने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि आसपास की दुकानों एवं मकानों को मंदिर के आसपास से विस्थापित कर दूर ले जाया जाये।

### अयोध्या की रामलीला का हुआ भूमिपूजन

अयोध्या। श्रीराम की नगरी अयोध्या में आचार्य पीठ लक्ष्मणकिला में आज अयोध्या की रामलीला का विधि-विधान पूर्वक भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन में लक्ष्मणकिला के महंत मैथिलीरमण शरण, कथा प्रवक्ता चंद्रांशु महाराज व अयोध्या विधानसभा के विधायक वेदप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। महंत मैथिलीरमण शरण महाराज ने कहा कि यह प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि है। अयोध्या की पहचान भगवान राम और रामलीला से है। यह रामलीला रामभक्तों के आशीर्वाद से विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। रामभक्तों ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने कहा कि 2020 में 16 करोड़, और वर्ष 2021 में 22 करोड़ से ज्यादा लोगों ने रामलीला का लाइव टेलीकॉस्ट दूरदर्शन, सेटेलाइट चैनल और सोशल मीडिया पर देखा गया। श्रीराम की भूमिका निभा रहे राहुल भूचर ने कहा कि अयोध्या की रामलीला भगवान राम के आशीर्वाद से होती है। इसको दुनिया के कोने कोने में रामभक्त देखते हैं। माता सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना ने कहा कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं। रामलीला में माता सीता का किरदार मिला है।

## शार्ट न्यूज

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में जारी नरमी के बीच घरेलू स्तर पर आज भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कल रात कारोबार बंद होने पर लंदन ब्रेंट 96.72 डॉलर प्रति औंस पर रहा था। अमेरिकी क्रुड 0.65 प्रतिशत उतरकर 89.91 डॉलर प्रति औंस बोला गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमश: 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### इंदौर किराना बाजार : शक्कर महंगी, साबूदाना में गिरावट

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर में उठाव बढ़ा रहा। खोपरा गोला तथा बूरा सस्ता बिका।हल्दी में मांग रही। साबूदाना गिरावट लिए रहा। स्थानीय किराना बाजार में मंगलवार को शक्कर 3620 से 3660 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3640 से 3680 रुपये बोली गई। शक्कर की दैनिक आवक 07 से 08 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 180 से 200 रुपये प्रति किलो के स्तर पर खुलने के बाद 175 से 190 रुपये होकर बिका। खोपरा बूरा भी 250 रुपये प्रति 15 किलोग्राम सस्ता बिका। साबूदाना में पूछपरख घटने से गिरावट दर्ज की गई। हल्दी में मांग सुधार लिए रही इसमें व्यापार 100 से 162 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा में कामकाज 2000 से 3250 रुपये प्रति 15 किलोग्राम पर खुलने के बाद 2000 से 3500 रुपये बिका। साबूदाना में उठाव कमी से 200 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता बिका।

### इंदौर अनाज मंडी : तुअर, मूंग, मसूर दाल के साथ उड़द मोगर सस्ती

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग के साथ सप्ताहांत दलहन जिन्सों में मसूर को छोड़ अन्य दलहनों में भाव लगभग बने बताए गए। इस दौरान दालों में नरमी रही। तुअर, मूंग तथा मसूर दाल सहित उड़द मोगर में भाव कम हुए। चावल में उठाव सुधार लिए बताया गया। सप्ताहांत चना कांटा 5000 से 5050 रुपये खुलने के बाद 5000 से 5050 रुपये होकर बंद हुआ। मूंग 6500 से 6600 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 5500 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 6500 से 6600 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 7000 से 8200 रुपये, उड़द 7400 से 7800 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। मसूर 6650 से 6675 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6500 से 6550 रुपये होकर प्रति क्विंटल बिकी। दालों में मांग घटी रही। सप्ताहांत तुअर, मूंग दाल, मूंग मोगर, उड़द मोगर के साथ मसूर दाल में भाव कम हुए। कारोबार के मध्य चावल तथा पोहा में ग्राहकी सुधार लिए रही।

### इन्दौर. खाद्य तेल : सोयाबीन रिफाइंड, मूंगफली तेल सस्ता

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव नरमी लिए रहे। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड तथा मूंगफली तेल सस्ता होकर बिका। तिलहनों में भाव बने बताए गए। कपास्या खली में मजबूती दर्ज की गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1650 से 1670 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1630 से 1650 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 1250 से 1255 रुपये पर खुलकर 1215 से 1220 रुपये बिका। पाम तेल 1335 से 1340 रुपये खुलकर 1275 से 1280 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव बने बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में 25 रुपये की मजबूती दर्ज की गई।

### सर्राफा बाजार : सोना, चांदी में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी घटबढ़ हुई। इस दौरान सोना 50 रुपये तथा चांदी 1900 रुपये नीची होकर बिकी। चांदी सिक्का मजबूत बताया गया। कारोबार की शुरुआत में सोना 52650 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 52600 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 58900 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 57000 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 52750 नीचे में 52450 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 58950 तथा नीचे 56850 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1751 डॉलर तथा चांदी 1905 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.24 अरब डॉलर गिरकर 570.74 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.24 अरब डॉलर घटकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 570.74 अरब डॉलर रह गया, इसके पिछले सप्ताह भी यह 89.7 करोड़ डॉलर कम होकर 572.97 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.7 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 506.9 अरब डॉलर रह गया। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 40.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.13 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 70 लाख डॉलर की बढ़त लेकर 4.99 अरब डॉलर हो गया।

### सोना 920 और चांदी 3276 रुपये सस्ती

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई तेजी से वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं पर बने दबाव के प्रभाव से बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 920 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 3276 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती हो गई। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 42.79 डॉलर प्रति औंस गिरकर सप्ताहांत पर 1749.94 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 42.2 डॉलर प्रति औंस लुढ़ककर 1750 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 1.4 डॉलर प्रति औंस टूटकर 19.09 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की गिरावट का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में भी देखा गया। सप्ताहांत पर सोना 920 रुपये उतरकर 51509 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस दौरान सोना मिनी 817 रुपये गिरकर 51534 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में चांदी 3276 रुपये सस्ती होकर 55480 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। साथ ही चांदी मिनी 2982 रुपये की बड़ी गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 56240 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

### स्मार्टफोन बनाने वाली इस दिग्गज कंपनी ने एक झटके में 900 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली। चीनी स्मार्टफोन निर्माता Xiaomi ने कथित तौर पर 900 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, Xiaomi ने आर्थिक मंदी के बीच अपने लगभग 3 फीसदी कर्मचारियों को निकाल दिया है। हालांकि, Xiaomi ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। कंपनी ने दूसरी तिमाही के राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की है। Xiaomi की बिक्री साल-दर-साल 20 प्रतिशत गिरकर 70.17 बिलियन युआन (10.31 बिलियन डॉलर) हो गई। विश्लेषकों का अनुमान है कि स्मार्टफोन निर्माता की शुद्ध आय 67 प्रतिशत गिरकर 2.08 बिलियन युआन रह गई है।

# एफआईआई का रुख तय करेगा बाजार की चाल

मुंबई। देश में जुलाई में महंगाई में कमी से उत्साहित निवेशकों की लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह तेजी पर रहे शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 183.37 अंक चढ़कर सप्ताहांत पर 59646.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 60.3 अंक की मामूली बढ़त लेकर 17758.45 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली हुई। मिडकैप 200.52 अंक की तेजी लेकर 24965.57 अंक और स्मॉलकैप 269.47 अंक मजबूत होकर 28175.38 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह कारोबार के अंतिम दिन शुक्रवार को एफआईआई ने ऊंचे भाव पर जमकर मुनाफावसूली की है, जिससे शेयर बाजार की लगातार जारी तेजी थम गई। ऐसे में अगले सप्ताह भी बाजार पर मुनाफावसूली का दबाव दिख सकता है। इस बीच छोटे निवेशकों के लिए बेहतर होगा कि वे सतर्कता बरतें।



बीते सप्ताह स्वतंत्रता दिवस पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। देश में जुलाई में खुदरा और थोक महंगाई घटने के आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार मंगलवार को लगातार छठे दिन चढ़ता हुआ आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा। सेंसेक्स 379.43 अंक उछलकर 59842.21 अंक और निफ्टी 127.10 अंक चढ़कर 17825.25 अंक पर रहा। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स लगातार सातवें दिन चढ़ता हुआ 417.92 अंक की छलांग लगाकर साढ़े चार महीने बाद 60 हजार अंक के पार 60260.13 अंक और निफ्टी 119 अंक की तेजी लेकर 17944.25 अंक पर रहा।

वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, पावर, कैपिटल गुड्स, बैंकिंग और यूटिलिटीज समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार आठवें दिन भी बढ़त पर रहे। सेंसेक्स 37.87 अंक बढ़कर 60298 अंक और निफ्टी 12.25 अंक उठकर 17965.50 अंक पर रहा। वहीं, वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से शुक्रवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार आठ दिन की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स 651.85 अंक की गिरावट लेकर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59646.15 अंक पर और निफ्टी 198.05 अंक लुढ़ककर 17758.45 अंक पर आ गया।

# कई राज्यों में अल्पवृष्टि से खरीफ की बुवाई पर असर : बैंक ऑफ बड़ौदा की रपट

नयी दिल्ली। देश के पूर्वी राज्यों में अन्य भागों की तुलना में इस मानसून सत्र में वर्षा कम होने से धान, खरीफ की दलहनी और तिलहनी फसलों की रोपाई बुआई का रकबा पिछले साल के मुकाबले कम चल रहा है। यह जानकारी बैंक ऑफ बड़ौदा के आर्थिक अनुसंधान विभाग की एक ताजा रपट में दी गयी है। शनिवार को जारी अर्थशास्त्री जाह्नवी प्रभाकर द्वारा तैयार इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 अगस्त तक दलहनी फसलों की बुवाई का रकबा 1.26 करोड़ हेक्टेयर था जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 5.3 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट के अनुसार अरहर का रकबा 7.2 प्रतिशत, उड़द (5.1 प्रतिशत) और मूंग का रकबा (4.6 प्रतिशत) कम चल रहा है।

कपास का रकबा 1.23 करोड़ हेक्टेयर के साथ पिछले साल की तुलना में छह प्रतिशत ऊपर था जबकि मेस्ता और जूट की बुवाई सात लाख हेक्टेयर के एक साल पहले के सतर पर थी। रिपोर्ट में धान और मोटे अनाजों की बुवाई के 12 अगस्त तक के आंकड़े ही दिए गए हैं। इनके अनुसार इन फसलों का इस साल का रकबा क्रमश 12.4 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत कम था।

गत 12 अगस्त तक तिलहनों की बुवाई पिछले साल से (1.3 प्रतिशत) अधिक थी और गन्ने की बुवाई 55 लाख हेक्टेयर के पिछले वर्ष के स्तर पर थी।

भारतीय मौसम विभाग ने चालू मानूसन सत्र के उत्तरार्ध में भी वर्षा पूर्वार्ध की तरह सामान्य रूप से जारी रहेगी। पर अब तक की रिपोर्ट से दिखता है कि उत्तरार्ध में भी वर्षा अनिश्चित है और इसके वितरण में विस्तृत क्षेत्रीय विषमताएं दिख रही हैं।' रिपोर्ट के अनुसार 19 अगस्त तक दीर्घ कालिक औसत (एलपीए ) से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा हुई थी लेकिन पूर्वी क्षेत्र में वर्षा अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो रही है। इसका प्रभाव इन क्षेत्रों में खरीफ की बुवाई पर पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष इस अवधि में 36 अनुमंडलों में से सात में वर्षा की कमी है। वर्षा की कमी वाले ये अनुमंडल आठ राज्यों (उत्तर प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार सहित अन्य राज्यों) में फैले हैं।

### जून में खनिज उत्पादन में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। महत्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन में जून में 7.5 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज की गयी है। शनिवार को जारी सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि जून, 2022 (आधार- 2011-12 = 100) के लिए खनन एवं उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक 113.4, पर रहा, जो जून, 2021 के महीने के स्तर की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। वहीं, अप्रैल-जून, 2022-23 की अवधि में संचयी उत्पाद में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9.0 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के अंतिम आंकड़ों के अनुसार जून, 2022 में महत्वपूर्ण कोयला उत्पादन 669 लाख टन, लिग्नाइट 46 लाख टन, प्राकृतिक गैस 274.7 करोड़ घन मीटर, पेट्रोलियम (कच्चा) 24 लाख टन, बॉक्साइट 1950 हजार टन, क्रोमाइट 343 हजार टन, कॉपर सांद्र 10 हजार टन, सोना 85 किलो, लौह अयस्क 201 लाख टन, सीसा सांद्र 30 हजार टन, मैंगनीज अयस्क 238 हजार टन, जस्ता सांद्र 142 हजार टन, चूना पत्थर 335 लाख टन, फॉस्फोराइट 189 हजार टन, मैग्नेसाइट 8 हजार टन और हीरा उत्पाद 44 कैरेट रहा। जून, 2021 की तुलना में जून, 2022 के दौरान हीरा उत्पाद में 340 प्रतिशत, सोना , फॉस्फोराइट (41.0 फीसदी), कोयला , लिग्नाइट (28.8 फीसदी), जिंक सांद्र (20.0 प्रतिशत), मैंगनीज अयस्क 19.3 फीसदी), मैग्नेसाइट , बॉक्साइट (8.9 फीसदी), क्रोमाइट , सीसा , चूना पत्थर 1.6 फीसदी), और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 1.3 फ्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इसके विपरीत पेट्रोलियम के उत्पादन में 1.7 प्रतिशत, तांबा सांद्र में 7.2 फीसदी और लौह अयस्क के उत्पादन में वार्षिक आधार पर 9.7 प्रतिशत की गिरावट रही।

### एलआईसी के मृत्यु संबंधी बीमा दावे में पहली तिमाही में 20 फीसदी की गिरावट आई

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी का प्रकोप कम होने से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को मिलने वाले मृत्यु संबंधी बीमा दावों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि यह अभी भी 2020 से पहले के स्तर से अधिक है। एलआईसी के चेयरमैन एम आर कुमार ने विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान बताया कि पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में 7,111 करोड़ रुपये के मृत्यु दावों का निपटारा किया गया था जबकि इस वर्ष पहली तिमाही में इस श्रेणी के 5,743 करोड़ रुपये के बीमा दावे ही मिले। कुमार ने कहा, पॉलिसीधारक की मौत से संबंधित बीमा दावों में गिरावट आई है और स्पष्ट तौर पर इसकी वजह कोविड-19 के प्रकोप में कमी आना है। एलआईसी में कार्यकारी निदेशक एवं नियुक्त बीमांकक दिनेश पंत ने कहा कि महामारी से पहले तक दावों की दर स्थिर थी। कोविड की वजह से बीते दो वर्ष में दावों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा, चालू तिमाही (सितंबर तिमाही) से यह और सामान्य स्थिति में पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि यह अभी 2020 के आंकड़ों तक नहीं पहुंचा है। इसमें कुछ समय लगेगा और कुछ मामले देर से संज्ञान में लाए जा सकते हैं। पंत ने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष तक मृत्यु संबंधित बीमा दावों की संख्या कोविड से पहले के स्तर तक रह सकती है।

# एल एंड टी ने हाज़िरा में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट की शुरुआत की

सूरत। परियोजना निर्माण, उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में भारत की अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) ने गुजरात के हजीरा स्थित अपने ए एम नाइक हैवी इंजीनियरिंग कॉम्पलेक्स में ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र शुरु करने की शनिवार को घोषणा की।

यह प्लांट रोजाना 45 किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादित करेगा, जिसका उपयोग एल एंड टी के हाज़िरा मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पलेक्स में कैप्टिव कंज़म्शन हेतु किया जाएगा।

कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार इसका उद्घाटन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन





श्रीकांत माधव वैद्य ने किया। ऐल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइसिस प्रोसैस पर आधारित इस ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र में आज से उत्पादन शुरू हो गया है।

बयान में कहा गया है कि इस संयंत्र को 800 किलोवाट की इलेक्ट्रोलाइज़र क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें ऐल्कलाइन (380 किलोवाट) और पीईएम (420 किलोवाट) की तकनीकें शामिल हैं तथा इसे 990 किलोवाट क्षमता के छत पर बने सौर ऊर्जा संयंत्र से बिजली मिलेगी और साथ ही 500 किलोवाट क्षमता की बैटरी विद्यत स्टोरेज प्रणाली (बीईएसएस) भी लगायी गयी है।

परियोजना के के प्रथम चरण के तहत 380 किलोवाट ऐल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र को इंस्टॉल किया गया है, जबकि 420 किलोवाट पीईएम इलेक्ट्रोलाइज़र भावी विस्तार का हिस्सा होगा।

एल एंड टी के पूर्णकालिक निदेशक सुब्रमनियन सरमा ने कहा, भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में योगदान देने के लिए नए और स्वस्थ समाधान मुहैया कराने में एल एंड टी अग्रिम मोर्चे पर रहती है। हमें गर्व है की हाज़िरा कॉम्पलेक्स में हमारे इंजीनियरों ने यह ग्रीन हाइड्रोजन जैनरेशन प्लांट स्थापित किया है और ग्रीन हाइड्रोजन के इस्तेमाल के लिए इसे मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग शॉप्स के साथ जोड़ दिया गया है।

# कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड : 39 पैसे से 80 रुपये पर पहुंच गया यह शेयर

## सालभर में निवेशकों के 1 लाख को बना दिया रु 2 करोड़

नई दिल्ली। पेनी स्टॉक में निवेश वैसे तो जोखिम भरा होता है लेकिन कंपनी का फंडामेंटल मजबूत हो तो निवेश किया जा सकता है। आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने महज एक साल में अपने निवेशकों को करोड़पति बनाने का काम किया है। इस शेयर का नाम है- कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड । यह इस साल के संभावित मल्टीबैगर शेयरों में से एक हैं। कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयर पिछले एक साल में 20,541 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दे चुका है।

### सालभर पहले 39 पैसे का था शेयर

कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयर 22 सितंबर 2021 को बीएसई पर 39 पैसे प्रति शेयर के स्तर पर थे जो अब



सालभर में बढ़कर 80.50 रुपये पर पहुंच गए।

इस दौरान इसने अपने निवेशकों को 20,541.03 प्रतिशत का तगड़ा रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले छह महीने में यह शेयर 15.65 रुपये (22 फरवरी 2022 पर बंद भाव) से बढ़कर 80.35 रुपये पर पहुंच गया। इस अवधि में इस शेयर अपने निवेशकों को 414.38 प्रतिशत का रिटर्न दिया। इसी तरह इस साल यह 2,656.85 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। 3 जनवरी 2022 को कंपनी के शेयर 2.92 रुपये पर थे। हालांकि, पिछले एक महीने में यह शेयर 3.71त्न नुकसान में है। वहीं, पिछले पांच ट्रेडिंग सेशंस में इस शेयर में 19.52 प्रतिशत की तेजी आई है।

### सालभर में निवेशक बन गए करोड़पति

कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयर प्राइस पैटर्न के मुताबिक, अगर किसी निवेशक के इस शेयर में सालभर पहले 39 पैसे के हिसाब से 1 लाख रुपये का निवेश किया होता और अब तक अपने निवेश को बनाए रखता तो आज यह रकम 2 करोड़ रुपये होती।

इसी तरह, इस साल अगर किसी निवेशक ने इस शेयर में 2.92 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 1 लाख रुपये लगाते तो यह रकम आज 27.56 लाख रुपये होती।

### क्या करती है कंपनी?

कंपनी की स्थापना सितंबर, 1993 में मुंबई में हुई थी। 15 मार्च, 1995 को, कंपनी को कैसर प्रेस लिमिटेड नाम से पब्लिक लिमिटेड कंपनी में बदल दिया गया था। 5 नवंबर 2013 को कंपनी का नाम बदलकर कैसर कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर दिया गया। कैसर कॉरपोरेशन लिमिटेड (केसीएल) लेबल, स्टेशनरी आर्टिकल्स, पत्रिकाओं और कार्टन का व्यवसाय करती है। केसीएल ने अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रिक और मैकेनिकल हीट ट्रेसिंग और टर्नकी परियोजनाओं में भी काम करती है।

### जिंसों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अधिकांश जिंसों में मिलाजुला रुख रहा। तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 334 रिंगिट उतरकर 4096 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी सप्ताहांत पर 2.3 सेंट की तेजी लेकर 63.94 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 147 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये और वनस्पति तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सूरजमुखी तेल 367 रुपये और पाम ऑयल में 220 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19267 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15604 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13773 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14652 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 50 रुपये, चना दाल 50 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं मसूर दाल, और उड़द दाल के भाव स्थिर रहे। सप्ताहांत पर चना 4550-4650, दाल चना 5550-5650, मसूर काली 8300-8400, मूंग दाल 8100-8200, उड़द दाल 9900-10000, अरहर दाल 8750-8850 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : बीते सप्ताह अनाज के बाजार में टिकाव रहा। सप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव स्थिर रहे। सप्ताहांत पर अनाज (भाव प्रति क्विंटल): गेहूं दड़ा 2300-2400 रुपये और चावल : 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। चीनी-गुड़ : आलोच्य सप्ताह मीठे के बाजार में भी मिश्रित रुझान रहा। सप्ताहांत पर गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चीनी के भाव अपरिवर्तित रहे। सप्ताहांत पर चीनी एस. 3360-3460, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3310-3410 और गुड़ 3900-4000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहे।

# 17 बैंकों के डिपॉजिटर्स के लिए बड़ी खुशखबरी

## अक्टूबर में मिलेगा फंसा हुआ पैसा

नई दिल्ली। डिपॉजिट इंश्योरेंस और क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन अक्टूबर में महाराष्ट्र के आठ समेत कुल 17 सहकारी बैंकों के एलिजिबल डिपॉजिटर्स को भुगतान करेगा। बता दें कि ये 17 वो सहकारी बैंक हैं जिसे भारतीय रिजर्व बैंक ने बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए जुलाई में जमाकर्ताओं द्वारा निकासी सहित कई प्रतिबंध लगाए थे।

डीआईसीजीसी, आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी है, जो बैंक जमा पर पांच लाख रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराती है। इन 17 सहकारी बैंकों में आठ महाराष्ट्र में, चार उत्तर प्रदेश में, दो कर्नाटक में और एक-एक नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं।



महाराष्ट्र के सहकारी बैंक... साहेबराव देशमुख सहकारी बैंक, सांगली सहकारी बैंक, रायगढ़ सहकारी बैंक, नासिक जिला गिरना सहकारी बैंक, साईबाबा जनता सहकारी बैंक, अंजनगांव सुरजी नगरी सहकारी बैंक, जयप्रकाश नारायण नगरी सहकारी बैंक और करमाला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक हैं।

डीआईसीजीसी के अनुसार उत्तर प्रदेश स्थित लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (सीतापुर), नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (बहरीच) और यूनाइटेड इंडिया कंपनी को-ऑपरेटिव बैंक (नगीना) के पात्र जमाकर्ताओं को अक्टूबर में भुगतान किया जाएगा। कर्नाटक श्री मल्लिकार्जुन पट्टाना सहकारी बैंक नियमिता (मस्की) और श्री शारदा महिला सहकारी बैंक (तुमकुर) भी इस सूची में शामिल हैं। नई दिल्ली में रामगढ़िया को-ऑपरेटिव बैंक, पश्चिम बंगाल के बीरभूम के सूरी में सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव बैंक और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में दुर्गा को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक के पात्र जमाकर्ताओं को अक्टूबर में डीआईसीजीसी द्वारा भुगतान किया जाएगा।

### डिविडेंड के लिए इस कंपनी ने किया रिकॉर्ड का ऐलान, फटाफट चेक करें डीटेल्स

नई दिल्ली। डिविडेंड का इंतजार किसी भी पोजीशल निवशकों को लम्बे समय से रहता है। इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया गया है। कंपनी अपने निवेशकों को 25 प्रतिशत डिविडेंड देने का फैसला किया है। वैल्यू रिसर्च के अनुसार डायगनोस्टिक और मेडिकल सर्विस देने वाली कंपनी डेट फ्री है। रेगुलेटरी को दी जानकारी में कंपनी ने बताया, 'वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी ने 10 रुपये के फेस वैल्यू पर 2.50 रुपये का डिविडेंड देने की सिफारिश की है। कंपनी ने इसके लिए 16 सितंबर की तारीख को तय किया है।' यानी इसके बाद जो भी शेयरधारक कंपनी का स्टॉक खरीदते हैं उन्हें डिविडेंड का लाभ नहीं मिलेगा। बता दें, कंपनी का संचालन इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा किया जाता है।

### एक बार फिर पेटीएम के सीईओ और एमडी बन गए विजय शेखर शर्मा

नई दिल्ली। पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरधारकों ने प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में विजय शेखर शर्मा को फिर से नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यानी विजय शेखर शर्मा पेटीएम के एमडी और सीईओ बने रहेंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक 99.67 फीसदी शेयरधारकों ने उनके पक्ष में वोट किया। वन97 कम्युनिकेशंस ने रविवार को दायर जांचकर्ता रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जांचकर्ता की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को संपन्न सालाना आमसभा की बैठक में 99.67 फीसदी शेयरधारक शर्मा की फिर से इस पद पर नियुक्ति के पक्ष में थे और सिर्फ 0.33 फीसदी शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। हालांकि निवेशक सलाहकार फर्म आईआईएएस ने इस पद पर शर्मा की दोबारा नियुक्ति के खिलाफ अनुशंसा की थी। आईआईएएस ने कहा था कि शर्मा ने कंपनी को लाभदायक बनाने के लिए अतीत में कई वादे किए थे, लेकिन ये वादे पूरे नहीं हुए। शेयरधारकों ने शर्मा के साथ ही पेटीएम के अध्यक्ष और समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी मधुर देवड़ा के वेतन पैकेज को भी मंजूरी दी। लगभग 94.48 प्रतिशत शेयरधारकों ने शर्मा के पारिश्रमिक के पक्ष में मतदान किया और 5.52 प्रतिशत ने इसका विरोध किया। देवड़ा के पारिश्रमिक को मंजूरी देने के प्रस्ताव के मामले में भी ऐसा ही समर्थन देखने को मिला।



# मयूर पंख से होते हैं हर ग्रह के दोष दूर

**हिन्दू धर्म में मोर के पंखों का विशेष महत्व है। मोर के पंखों में सभी देवी-देवताओं और सभी नौ ग्रहों का वास होता है। ऐसा क्यों होता है, हमारे धर्म ग्रंथों में इससे संबंधित कथा है .**

भगवान शिव ने मां पार्वती को पक्षी शास्त्र में वर्णित मोर के महत्व के बारे में बताया है। प्राचीन काल में संध्या नाम का एक असुर हुआ था। वह बहुत शक्तिशाली और तपस्वी असुर था। गुरु शुकाचार्य के कारण संध्या देवताओं का शत्रु बन गया था। संध्या असुर ने कठोर तप कर शिवजी और ब्रह्मा को प्रसन्न कर लिया था। ब्रह्माजी और शिवजी प्रसन्न हो गए तो असुर ने कई शक्तियां वरदान के रूप में प्राप्त की। शक्तियों के कारण संध्या बहुत शक्तिशाली हो गया था। शक्तिशाली संध्या भगवान विष्णु के भक्तों का सताने लगा था। असुर ने स्वर्ग पर भी आधिपत्य कर लिया था, देवताओं को बंदी बना लिया था। जब किसी भी तरह देवता संध्या को जीत नहीं पा रहे थे, तब उन्होंने एक योजना बनाई। योजना के अनुसार सभी देवता और सभी नौ ग्रह एक मोर के पंखों में विराजित हो गए। अब वह मोर बहुत शक्तिशाली हो गया था। मोर ने विशाल रूप धारण किया और संध्या असुर का वध कर दिया। तभी से मोर को भी पूजनीय और पवित्र माना जाने लगा। ज्योतिष शास्त्र में भी मोर के पंखों का विशेष महत्व बताया गया है। यदि विधिपूर्वक मोर पंख को स्थापित किया जाए तो घर के वास्तु दोष दूर होते हैं और कुंडली के सभी नौ ग्रहों के दोष भी शांत होते हैं। घर का द्वार यदि वास्तु के विरुद्ध हो तो द्वार पर तीन मोर पंख स्थापित करें।

## शनि के लिए

शनिवार को तीन मोर पंख ले कर आएं। पंख के नीचे काले रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ तीन सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें-

ऊँ शनैश्वराय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- तीन मिटटी के दीपक तेल सहित शनि देवता को अर्पित करें।
- गुलाब जामुन या प्रसाद बना कर चढ़ाएं। इससे शनि संबंधी दोष दूर होता है।

## चंद्र के लिए

सोमवार को आठ मोर पंख लेकर आएं, पंख के नीचे सफेद रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ आठ सुपारियां भी रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ सोमाय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- पान के पांच पत्ते चंद्रमा को अर्पित करें। बर्फी का प्रसाद चढ़ाएं।

## मंगल के लिए

मंगलवार को सात मोर पंख लेकर आएं, पंख के नीचे लाल रंग का धागा बांध लैं। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ सात सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ भू पुत्राय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- पीपल के दो पत्तों पर चावल रखकर मंगल ग्रह को अर्पित करें। बूंदी का प्रसाद चढ़ाएं।

## बुध के लिए

बुधवार को छः मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे हरे रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ छः सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ बुधाय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- जामुन बुध ग्रह को अर्पित करें।
- केले के पत्ते पर रखकर मीठी रोटी का प्रसाद चढ़ाएं।

## गुरु के लिए

गुरुवार को पांच मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे पीले रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ पांच सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ बृहस्पते नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- ग्यारह केले बृहस्पति देवता को अर्पित करें।
- बेसन का प्रसाद बनाकर गुरु ग्रह को चढ़ाएं।

## शुक्र के लिए

शुक्रवार को चार मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे गुलाबी रंग का धागा बांध लैं। एक थाली में पंखों के साथ चार सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ शुक्राय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- तीन मीठे पान शुक्र देवता को अर्पित करें।
- गुड़-चने का प्रसाद बना कर चढ़ाएं।

## सूर्य के लिए

रविवार के दिन नौ मोर पंख लेकर आएं और पंख के नीचे मैरून रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ नौ सुपारियां रखें, गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ सूर्याय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- इसके बाद दो नारियल सूर्य भगवान को अर्पित करें।

## राहु के लिए

शनिवार को सूर्य उदय से पूर्व दो मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे भूरे रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ दो सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ राहवे नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- चौमुखा दीपक जलाकर राहु को अर्पित करें। कोई भी मीठा प्रसाद बनाकर चढ़ाएं।

## केतु के लिए

शनिवार को सूर्य अस्त होने के बाद एक मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे स्लेटी रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंख के साथ एक सुपारी रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।

ऊँ केतवे नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- पानी के दो कलश भरकर राहु को अर्पित करें।
- फलों का प्रसाद चढ़ाएं।




# कौन-से देवता होते हैं भादो मास में प्रसन्न

भाद्रपद हिन्दू कैलेंडर के अनुसार वर्ष का छठा महीना और चतुर्मास का दूसरा महीना है। इसे भादो भी कहते हैं। आओ जानते हैं कि इस पवित्र माह में कौनसे 10 देवताओं की पूजा करने से वे होते हैं प्रसन्न।

- **श्रीकृष्ण** : इसी माह में कृण जन्मोत्सव मनाया जाता है, क्योंकि उनका जनन्म भाद्रपद की अष्टमी को हुआ था। डोल ग्यारस तक उनके जन्मोत्सव की धूम रहती है। इस माह में उनकी पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को बलरामजी की जयंती भी रहती है।
- **माता पार्वती** : इस माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। व्रत रखकर माता दुर्गा, पार्वती और शिवजी की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **गणेश जी** : भाद्रपद की शुक्ल चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव मनाया जाता है। भगवान गणेश की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **विश्वकर्मा जी** : भाद्रपद की परिवर्तनी एकादशी के दिन देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **भगवान विष्णु** : भाद्रपद की चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा होती है। इसी पूजा से अनंत भगवान प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा भाद्रपद की अजा और परिवर्तनी एकादशी के दिन भी भगवान विष्णु की पूजा होती है।
- **श्रीराधा जी** : भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को श्री कृष्ण का जन्म और शुक्ल अष्टमी को राधाजी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। राधा अष्टमी के दिन राधाजी की श्री कृष्ण के साथ पूजा करने से वे प्रसन्न होती हैं।
- **पितृदेव** : भाद्रपद माह की पूर्णिमा से ही श्राद्ध पक्ष प्रारंभ हो जाता है। इस माह में पितृदेव या पितरों के देव अर्यमा को प्रसन्न किया जाता है। ऋषियों की पूजा के साथ पितृदेव की पूजा करें।
- **शिव जी** : चातुर्मास प्रारंभ होने के बाद विष्णुजी पाताल लोग में योगनिद्रा में चले जाते हैं तब चार माह के लिए शिवजी अपने रुद्र रूप में सृष्टि का संचालन करते हैं अतः इस माह में शिवजी के रुद्र रूप की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं। प्रदोष और मासिक शिवरात्रि के दिन उनकी पूजा करने चाहिए।
- **सूर्यदेव** : इस माह में सूर्यदेव की पूजा भी की जाती है। उन्हें अर्घ्य देने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **हनुमान जी** : भाद्रपद के अंतिम मंगलवार को बुढ़वा मंगलवार मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन रावण ने उनकी पूंछ में आग लगा दी थी। जिसके चलते लंका दहन हो गया था।

# श्रीकृष्ण के शारंग धनुष की खास बातें

**श्रीराम के पास कोदंड, शिवजी के पास पिनाक और अर्जुन के पास गाण्डिव धनुष था। प्रभु श्रीकृष्ण को आपने धनुष धारण करते हुए नहीं देखा होगा परंतु उनके पास था सारंग या शारंग नाम का धनुष। आओ जानते हैं इसके बारे में कुछ खास।**



- भगवान श्रीकृष्ण सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर भी थे यह बात तब पता चली, जब उन्होंने लक्ष्मणा को प्राप्त करने के लिए स्वयंवर की धनुष प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में कर्ण, अर्जुन और अन्य कई सर्वश्रेष्ठ धनुर्धरों ने भाग लिया था। द्रौपदी स्वयंवर से कहीं अधिक कठिन थी लक्ष्मणा स्वयंवर की प्रतियोगिता। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी धनुर्धरों को पछाड़कर लक्ष्मणा से विवाह किया था। हालांकि लक्ष्मणा पहले से ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थी इसीलिए श्रीकृष्ण को इस प्रतियोगिता में भाग लेना पड़ा।
- शारंग का अर्थ होता है रंगा हुआ, रंगदार, सभी रंगोंवाला और सुंदर।
- कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण का यह धनुष सींग से बना हुआ था।
- कुछ मानते हैं कि यह वही शारंग है जिसे कण्व की तपस्यास्थली के बांस से बनाया गया था। ब्रह्माजी के आदेश से विश्वकर्माजी ने इन बांसों से 1.गांडीव, 2. पिनाक और 3.सारंग नाम के तीन धनुष बनाए थे।
- यह भी कहा जाता है कि वत्तासुर नाम का एक दैत्य था जिसका संपूर्ण धरती पर आतंक था। उसके आतंक का सामना करने के लिए दधीचि ऋषि ने देशहित में अपनी हड्डियों का दान कर दिया था। उनकी हड्डियों से 3 धनुष बने- 1.गांडीव, 2.पिनाक और 3.सारंग। इसके अलावा उनकी छाती की हड्डियों से इन्द्र का वज्र बनाया गया। इसी सभी दिव्यास्त्रों को लेकर वत्तासुर के साथ युद्ध किया और उसका वध कर दिया गया था।
- एक कथा के अनुसार भगवान कृष्ण और राक्षस शल्व के बीच एक युद्ध के दौरान शारंग धनुष प्रकट होता है। शल्व ने कृष्ण के बाएं हाथ पर हमला किया जिससे कृष्ण के हाथों से शारंग छूट गया। बाद में, भगवान कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शल्व के सिर को धड़ से अलग कर दिया।
- कहते है कि भगवान विश्वकर्मा ने तीन धनुष बनाए थे। पहला पिनाक, दूसरा गांडिव और तीसरा शारंग। ब्रह्मा ने विष्णुजी और शिवजी के बीच झगड़ा पैदा कर दिया कि तुम दोनों में से बेहतर तीरंदाज कौन है। फिर दोनों में भयंकर युद्ध हुआ। शिवजी के पास पिनाक था और विष्णुजी के नास शारंग। अंत में ब्रह्माजी ने दोनों के क्रोध को शांत किया तब शिवजी ने क्रोधित होकर पिनाक देवरात को सौंप दिया। देवराज से यह धनुष राजा जनक के पास चला गया। इसी तरह विष्णुजी ने भी क्रोधित होकर अपना धनुष ऋषि ऋचिक को सौंप दिया।
- शारंग धनुष सबसे पहले भगवान विष्णु के पास था। विष्णुजी ने इसे ऋषि ऋचिक को दे दिया था। ऋषि ऋचिक ने अपने पौत्र परशुराम को दिया और परशुरामजी ने श्रीराम को दिया। श्रीराम ने यह धनुष जल के देवता वरुण को दे दिया और भगवान वरुणदेव ने खांडवदहन के दौरान इस धनुष को श्रीकृष्ण को सौंप दिया। मृत्यु से ठीक पहले, कृष्ण ने इस धनुष को महासागर में फेंककर वरुण को वापस लौटा दिया।

# हताशा से घिर जाएं तो यह उपाय अपनाएं

हमारे आसपास अगर नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है तो यह जीवन में हताशा लाता है। इसके लिए वास्तु दोष भी कारण हो सकते हैं। अगर मन में नकारात्मक विचारों का प्रवाह बढ़ रहा है तो वास्तु में बताए गए आसान से उपायों को अपना सकते हैं। यह उपाय जीवन जीने की प्रेरणा देंगे और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ाएंगे। हताशा अगर घेरने लगे तो शिव स्तुति, महामृत्युंजय मंत्र, शिवकवच, देवीकवच का पाठ करें। नियमित रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक करें। पांच अन्न गेहूं, ज्वार, चावल, मूंग, जवा और बाजरा का दान करें। पक्षियों को अन्न खिलाएं। नमक के जल से स्नान करें। घर में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। सूरज की किरणें घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक हैं। घर के दरवाजे और खिड़कियों को अच्छे से साफ करें। अगरबत्ती या धूप जलाएं। गायत्री मंत्र का उच्चारण करें। घर में हवन या पूजा कराएं। घर को व्यवस्थित रखें। पुराने पर्दे या चादरें बदल दें। घर के जिस हिस्से में नकारात्मक ऊर्जा का अहसास होता हो वहां जोर-जोर से ताली बजाएं। तुलसी के पौधे को घर में जरूर लगाएं। शनिवार के दिन वस्त्र और भोजन बांटें। घर में सदैव शांति बनाए रखने का प्रयास करें। यह भी माना जाता है कि किसी दूसरी जगह जाने से हताशा और दुर्भाग्य से छुटकारा मिल जाता है।





# घबराता है मन हमेशा रहती है बेचैनी ...तो यह उपाय आजमाएं

अगर बात-बात पर मन घबराता है। भविष्य को लेकर हमेशा आशंका बनी रहती है। जोखिम के बारे में सोचने से भी डर लगता है तो यह वास्तु उपाय आपके काम आ सकते हैं। इन उपायों को अपनाने से आत्मबल में वृद्धि होगी और अनिष्ट की आशंका भी दूर होगी। आइए जानते हैं इनके बारे में। घर में रोजाना सुबह-शाम भगवान की पूजा करें और पूरे घर में कर्पूर का धुआं करें। हनुमान जी अपने भक्तों का साथ कभी नहीं छोड़ते हैं। मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें। हनुमान जी के मंदिर में चमेली के तेल का दीपक जलाएं। हनुमान चालीसा का नित्य प्रति पाठ करें। घर की छत पर लाल रंग की पताका लगाने से अनिष्ट दूर हो जाते हैं। कभी भी यात्रा पर जाने से पहले प्रकृति के विरुद्ध कुछ न कहें। नकारात्मक शब्दों का प्रयोग तो बिल्कुल न करें। नदी, आग और हवा के बारे कोई बुरी बात न करें। घर से निकलते समय हमेशा अच्छी बात कहें। घर से बाहर जाते समय मुख्य द्वार पर विराजमान गणेश जी से वापस आकर मिलने का वादा करें। घर के मुख्य द्वार के पास तुलसी का पौधा लगाएं। रोजाना तुलसी के पौधे की पूजा करें। तुलसी के सामने सरसो के तेल का दीपक भी जलाएं। दक्षिण दिशा की तरफ पैर कर न सोएं। शयन कक्ष में मुख्य द्वार की ओर पैर कर न सोएं। पक्षियों को लाल मसूर खिलाएं। घर की छत को हमेशा स्वच्छ रखें।



# सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाते हैं मिट्टी के बर्तन

वास्तु में माना जाता है कि मिट्टी के बर्तन सुख, सौभाग्य और बेहतर स्वास्थ्य लाते हैं। आइए जानते हैं मिट्टी के बर्तनों के कुछ ऐसे फायदे जिन्हें वास्तु में बताया गया है। वास्तु के अनुसार हर व्यक्ति को मिट्टी या भूमि तत्व के पास ही रहना चाहिए। मिट्टी से बनी वस्तुएं सौभाग्य और समृद्धिकारक होती हैं। मिट्टी के बर्तनों में पकाए अन्न में ईश्वरीय तत्व माना जाता है। हर घर में मिट्टी का घड़ा अवश्य होना चाहिए। घड़े का पानी पीने से बुध और चंद्रमा का प्रभाव शुभ होता है। घड़े को घर की उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। मानसिक रूप से परेशान हैं तो मिट्टी के घड़े से पौधे को पानी दें। जो लोग मंगल के कोप से प्रभावित हैं, उन्हें कोई भी पेय पदार्थ मिट्टी के बर्तन में ही पीना चाहिए। मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर घर की छत पर पक्षियों के लिए अवश्य रखें। मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति को घर में लाने से धन संबंधी परेशानियां दूर हो जाती हैं। रोजाना तुलसी के पौधे के पास मिट्टी का दीया जलाएं। मिट्टी से बनी वस्तुओं या खिलौनों से अपने ड्राइंग रूम को सजाएं। इससे रिश्तों में मधुरता आती है। हर त्योहार पर घर में मिट्टी के दीये जलाएं। घर में मिट्टी के बर्तन रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।



# राधा अष्टमी व्रत कब है

इस वर्ष रविवार, 4 सितंबर को श्री राधा अष्टमी पर्व मनाया जाएगा। यह त्योहार प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवती शक्ति और भगवान श्री कृष्ण की बाल सहचरी राधा जी का जन्म हुआ था। राधा रानी के पिता वृषभानु और माता का नाम कीर्ति था। राधा जी ने अधिकतर समय वृंदावन में ही बिताया था। राधा-कृष्ण के मिलन को लेकर कई स्थानों पर अलग-अलग वर्णन है। कहा जाता है कि पहली बार राधा जी ने कृष्?ण जी को तब देखा था, जब मां यशोदा ने उन्हें ओखले से बांध दिया था। कहीं-कहीं यह वर्णन भी मिलता हैं कि वे पहली बार अपने पिता वृषभानु के साथ गोकुल आई थी, तब उन्होंने कृष्ण जी को पहली बार देखा था। कुछ विद्वानों लिखते हैं कि दोनों की पहली बार मुलाकात संकेत तीर्थ पर हुई थी और वहीं दोनों प्रेम बंधन में बंध गए थे। ब्रह्मवैवर्त पुराण में बताया जाता है कि एक बार राधा रानी गोलोक में कहीं दिखाई नहीं दे रही थीं तब भगवान श्री कृष्ण दूसरी सखी के साथ विहार करने लगे। इस बात से राधा रानी क्रोधित हो गईं। यह देखकर कृष्ण के मित्र श्रीदामा ने राधा जी को श्राप दिया कि आपको पृथ्वी लोक में जन्म लेकर श्री कृष्ण का विरह सहन करना होगा। और फिर इसी श्राप के फलस्वरूप राधा जी ने पृथ्वी पर वृषभानु के परिवार में जन्म लिया। यह भी माना जाता है कि राधा रानी ने कीर्ति जी के गर्भ से जन्म नहीं लिया था?। वो वृषभानु जी को तपस्थली पर मिली थीं। ऐसा माना जाता है कि राधा जी वृंदावन की अधीश्वरी हैं। राधा जी को भगवान श्री कृष्ण की जीवन ऊर्जा भी माना जाता है। राधा और कृष्ण एक साथ मौजूद हैं इसलिए उन्हें 'राधाकृष्ण' भी कहा जाता है। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी का दिन राधा अष्टमी और राधा जयंती के रूप में मनाया जाता है। राधा जी के जन्मस्थान बरसाना में यह दिन बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह भगवान श्री कृष्ण और राधा के बीच प्रेम के निस्वार्थ बंधन को समर्पित दिन है। राधा के बिना श्री कृष्ण का व्यक्तित्व अपूर्ण माना जाता है। यदि श्रीकृष्ण के साथ से राधा जी को हटा दिया जाए तो श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व माधुर्यहीन हो जाता। ऐसा माना जाता है कि राधा के ही कारण श्रीकृष्ण रासेश्वर हैं।